इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 | अंक -239 | राजनांदगांव, मंगलवार 16 जुलाई 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# पिछले 10 सालों में 30 गुना से अधिक बढ़ा देश का रक्षा निर्यात

## 85 से अधिक देशों को हथियार सप्लाई कर रहा भारत

नई दिल्ली। भारत ने रक्षा निर्यात में पिछले 10 वर्षों में 30 गुना लंबी छलांग लगाई है, जो वित्त वर्ष 2013-14 के मात्र 686 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये हो गया है। यह भारतीय रक्षा उत्पादों और प्रौद्योगिकियों की दुनिया में स्वीकार्यता को दर्शाता है।



### भारत ने दुनिया को अपनी क्षमता दिखाई

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में 85 से अधिक देशों तक निर्यात के साथ, भारत के रक्षा उद्योग ने दुनिया को डिजाइन और विकास की अपनी क्षमता दिखाई है। देश में इस समय लगभग 100 कंपनियां रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रही हैं।

### सरकार ने रक्षा निर्यात के लिए उठाए अहम कदम

रक्षा निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, सरकार ने ÷मेक इन इंडिया÷ जैसी कई नीतिगत पहल की है और पिछले 10 वर्षों में इसमें कई आर्थिक सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया है और एंड-टू-एंड ऑनलाइन निर्यात प्राधिकरण के साथ उद्योग-अनुकूल बनाया गया है। जिससे व्यापार करने में आसानी हुई है। इसके अलावा आत्मनिर्भर भारत पहल ने देश में रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करके देश की मदद की है। जिससे लंबे समय में आयात पर निर्भरता कम हो गई है। लार्सन एंड टुब्रो, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज जैसी कंपनियां प्रमुख रक्षा उपकरण निर्माता कंपनियों के रूप में उभरने के साथ रक्षा उपकरणों के आपूर्तिकर्ता के रूप में निजी क्षेत्र का उदय हुआ है, जो एक महत्वपूर्ण विकास रहा है।

### हथियारों की सप्लाई कर रहा भारत

2023-24 में उत्पादन के कुल मूल्य में लगभग 79.2 प्रतिशत का योगदान डीपीएसयू/अन्य पीएसयू द्वारा और 20.8त्न निजी क्षेत्र द्वारा किया गया है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर हाई कोर्ट में लंबित याचिकाएं अपने पास स्थानांतरित की, 18 को सुनवाई

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18 जुलाई को सुनवाई करेगा।



मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी। पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया। पीठ ने कहा, हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे। एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# गृह मंत्री 18 को करेंगे NCORD बैठक की अध्यक्षता, श्रीनगर में क्षेत्रीय कार्यालय का भी होगा उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 18 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में नार्को-समन्वय केंद्र (एनसीओआरडी) की 7वीं शीर्ष स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन मानस (मादक पदार्थ निषेध सूचना केंद्र), श्रीनगर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। साथ ही गृहमंत्री एनसीबी की वार्षिक रिपोर्ट 2023 और नशा मुक्त भारत पर एक संग्रह जारी करेंगे। एनसीओआरडी बैठक का उद्देश्य भारत में मादक पदार्थों की तस्करी और दुरुपयोग से निपटने में शामिल विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों के प्रयासों में समन्वय और तालमेल स्थापित करना है।

# सीजीपीएससी मामले की जांच को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह ने कहा- उच्च स्तरीय जांच से युवाओं के मन की शंका होगी दूर

रायपुर। भगवान जगन्नाथ की बहुड़ा यात्रा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ की कृपा से छत्तीसगढ़ की सुख शांति के लिए हम यहां उपस्थित हुए है. इस दौरान उन्होंने सीजीपीएससी मामले में जांच को लेकर कहा कि उच्च स्तरीय जांच से युवाओं के मन की शंका दूर होगी.



कार्यक्रम में शामिल होने जगन्नाथ मंदिर पहुंचे डॉ. सिंह ने कहा कि भगवान जगन्नाथ का अपनी मौसी के यहां से निवास स्थान पर वापसी को लेकर पूरे देश में उत्साह है. पूरे देश में जहां जगन्नाथ मंदिर है वहा लोगों की आस्था जुड़ी है. उन्होंने कहा कि इस यात्रा से छत्तीसगढ़ में सुख समृद्धि और विकास की गंगा बहती रहे.

वहीं इस दौरान सीजीपीएससी मामले में शुरू हुई जांच को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा की सीजीपीएससी का मामला स्पष्ट है. इस मामले में सरकार की ओर से जांच की रिक्वेस्ट की गई थी. मामले को लेकर पूरे छत्तीसगढ़ के खास तौर पर युवाओं में पीड़ा थी, युवा वह उदवलित थे. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सरकार ने 21 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक, अगले दिन से शुरू हो सकता है संसद का मानसून सत्र

नई दिल्ली। 18वीं लोकसभा के गठन के बाद देशभर की निगाहें आगामी बजट सत्र पर हैं। कहा जा रहा है कि 22 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू हो सकता है। इस बीच , संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 21 जुलाई को सुबह 11 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि इसके ठीक अगले दिन से संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो सकती है। मानसून सत्र, 22 जुलाई से 9 अगस्त तक चल सकता है। मानसून सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश कर सकती हैं।



### एक संतुलित बजट बनाने की कोशिश

इस बार के बजट में चुनौती साहसिक पहल और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन बनाने की है। मोदी सरकार को लगातार तीसरी बार जनादेश सौंपा गया है। हाल ही में, भारत के कॉरपोरेट क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने बैठक के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ व्यक्तियों पर आयकर का बोझ कम करने, पूंजीगत व्यय बढ़ाने और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के उपायों को लागू करने की वकालत की थी। सीतारमण के साथ बजट पूर्व चर्चा में उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र को मजबूत करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के प्रमुख स्रोत के लिए महत्वपूर्ण है।

### आर्थिक सर्वेक्षण क्या है?

आर्थिक सर्वेक्षण देश की आर्थिक प्रगति का वार्षिक अवलोकन प्रदान करता है, महत्वपूर्ण चुनौतियों को उजागर करता है और संभावित समाधानों का सुझाव देता है। इस वर्ष का सर्वेक्षण मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है।

### अंतरिम बजट और पूर्ण बजट में क्या अंतर है?

अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय खाका है जिसे छोटी अवधि के लिए खर्चों को कवर करने के लिए डिजाइन किया गया है। आमतौर पर जब तक नई सरकार कार्यालय नहीं संभालती है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और तत्कालीन सचिव के घर सीबीआई की रेड



रायपुर (दावा)। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा आयोजित एग्जाम और इंटरव्यू में विभिन्न पदों के लिए कथित रूप से अयोग्य उम्मीदवारों को नियुक्त करने के मामले को टेकओवर कर लिया। यह मामला 2020 से 2022 का है।

जब छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग पर कथित रूप से भर्तियों में अयोग्य उम्मीदवारों को भर्ती करने के आरोप लगे थे। सीबीआई ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार के अनुरोध पर इस मामले को टेकओवर कर जांच शुरू कर दी गई है। इस क्रम में कई जगह पर रेड मारी गई।

### अयोग्य लोगों को मिला था पद

यह मामले पहले ईओडब्लयू/एसीबी, रायपुर और जिला बालोद के पुलिस थाना अर्जुंडा में 2024 में दर्ज किए गए थे। आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन, तत्कालीन सचिव और तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक और सीजीपीएससी के विभिन्न अधिकारियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# शराब घोटाला : नकली होलोग्राम मामले में ईओडब्ल्यू ने चारों को कोर्ट में किया पेश, 3 दिन की रिमांड मंजूर

रायपुर। छत्तीसगढ़ नकली होलोग्राम केस में सोमवार को ईओडब्ल्यू ने चारों आरोपियों को विशेष कोर्ट में पेश किया है। जहां कोर्ट ने चारो आरोपियों को 3 दिन रिमांड स्वीकार कर ली है। 18 जुलाई तक दीपक दुआरी, अमित सिंह और अनुराग दिवेदी समेत प्रिज्म होलोग्राम कम्पनी के स्टेट हेड दिलीप पांडे से पूछताछ करेगी। शराब घोटाले मामले की जांच में नकली होलोग्राम का खुलासा हुआ था।



### 9 जुलाई को पकड़ा गया था दिलीप पांडे

ईओडब्ल्यू-एसीबी ने मंगलवार 9 जुलाई को एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास नकली होलोग्राम सप्लाई का सबूत भी बरामद हुआ है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, आबकारी घोटाले में डुप्लीकेट होलोग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्य ईओडब्ल्यू-एसीबी के हाथ लगा है। डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाली कंपनी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड का स्टेट हेड दिलीप पांडे को पकड़ा गया है। बताया जा रहा है कि, नवा रायपुर स्थित जीएसटी भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग के सेटअप से जुड़े हुए इंडस्ट्रीयल कम्प्यूटर के हार्ड ड्राइव को, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# शराब घोटाला : मेरठ कोर्ट ने टुटेजा-अनवर और त्रिपाठी को 14 दिनों के लिए भेजा जेल

रायपुर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में सोमवार को यूपी के मेरठ कोर्ट में पेश किया गया था। जहां कोर्ट ने उन्हें 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया है। टुटेजा के साथ ही कोर्ट ने अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को 29 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एक दिन पहले ही यूपी पुलिस निलंबित आईएएस अनिल टुटेजा को प्रोडक्शन वारंट पर उत्तरप्रदेश ले गई है।

यूपी पुलिस ने अनिल टुटेजा के प्रोडक्शन वारंट का आवेदन लगाया था, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया था। टुटेजा को पुलिस ने मेरठ कोर्ट में आज पेश किया है। नकली होलोग्राम मामले में अनिल टूटेजा के खिलाफ भी यूपी में केस दर्ज है। इससे पहले मामले में यूपी पुलिस ने अनवर ढेबर और पूर्व विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की गिरफ्तारी की गई है। वे दोनों फिलहाल जेल में बंद हैं। बताया जाता है कि, यूपी एसटीएफ सोमवार को टुटेजा को मेरठ कोर्ट में पेश करेगी। उनके साथ अनवर ढेबर और एपी त्रिपाठी को भी पेश किया जाएगा। इससे पहले यूपी एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को 3 दिन की रिमांड पूरी होने के बाद 1 जुलाई को मेरठ कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोनों को 15 जुलाई तक जेल भेजा था। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिल्ली में मोदी-सोरेन और मुंबई में पवार-भुजबल, एक दिन में 2 मुलाकातों से राजनीति में सरगर्मी

नई दिल्ली। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नई दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. दोनों नेताओं की मुलाकात करीब तीन साल बाद हुई है.

सोरेन की इन मुलाकातों ने झारखंड की राजनीति में सरगर्मी ला दी है. हालांकि सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इन मुलाकातों को शिष्टाचार भेंट बताया है. वहीं एक दूसरी मुलाकात आज ही सुबह मुंबई में हुई. एनसीपी (शरदचंद्र पवार) से एनसीपी नेता अजित पवार के करीबी छगन भुजबल ने मुलाकात की. इस मुलाकात से महाराष्ट्र की राजनीति में खलबली मची हुई है.



### पीएम मोदी से मिले सीएम सोरेन

हेमंत सोरेन दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर रहे थे, उधर रांची में बीजेपी उनकी सरकार के खिलाफ आरोप पत्र लाने की तैयारी कर रही थी. बीजेपी का आरोप है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार ने प्रदेश के लोगों के साथ वादाखिलाफी की है. उसका कहना है कि इस मुद्दों को लेकर वह जनता की शरण में जाएगी. हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ आरोपपत्र लाने की तैयारियों के बीच झामुमो ने बीजेपी पर हमला बोला है. पार्टी ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार के घोषणापत्र और हमारे घोषणापत्र को एक साथ लेकर बीजेपी जनता के बीच जाए, जनता खुद ही फैसला ले लेगी. पीएम मोदी और हेमंत सोरेन की यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब झारखंड में विकास के कई मुद्दे चर्चा में हैं. माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री से इन मुद्दों पर (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# सीएम साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एक्शन में: प्रदेश में मलेरिया के टूटे डंक, पॉजिविटी रेट 4.60 से घटकर अब सिर्फ 0.51 प्रतिशत

रायपुर(दावा)। घने जंगलों और दुर्गम क्षेत्रों वाले बस्तर संभाग में मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम हमेशा से एक कड़ी चुनौती रही है, लेकिन इसके बावजूद हालात तेजी से बदले भी हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बारिश के मौसम को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों से बस्तर सहित पूरे राज्य में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।



इस बारिश के दौरान मलेरिया उन्मूलन की दिशा में प्रयासों को तेज करने के मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बीजापुर जिले के दौरे पर हैं। छत्तीसगढ़ के मलेरिया के कुल मामलों में से 61.99 फीसदी दंतेवाड़ा, बीजापुर, और नारायणपुर से आते हैं। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता और मुख्यमंत्री के निर्देशन में किए गए कार्यों से मलेरिया के मामलों में काफी कमी आई है।

बस्तर संभाग में मलेरिया के मामलों में 50 फीसदी की कमी आई है। मलेरिया के वार्षिक परजीवी सूचकांक दर के अनुसार, 2018 में छत्तीसगढ़ में मलेरिया की दर 2.63 फीसदी थी जो 2023 में घटकर 0.99 फीसदी रह गई है। इसी तरह बस्तर में यह दर 16.49 फीसदी से घटकर 7.78 फीसदी रह गई है। मलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत 2020 से 2023 के दौरान, पहले से नौंवे चरण तक मलेरिया धनात्मक दर 4.60 फीसदी से घटकर 0.51 फीसदी हो चुकी है। इस अभियान का दसवां चरण भी 5 जुलाई 2024 को समाप्त हुआ है। इस अभियान के तहत राज्य में 22 जिलों में 16.97 लाख कीटनाशक युक्त मच्छरदानियों का वितरण भी किया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने 2024 की पहली छमाही में मलेरिया के मामलों की रिपोर्ट जारी की है, जिसमें बस्तर जिले में 1660 केस, बीजापुर में 4441, दंतेवाड़ा में 1640, कांकेर में 259, कोंडागांव जिले में 701, नारायणपुर जिले में 1509 और सुकमा में 1144 केस दर्ज किए गए हैं। इस प्रकार, स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों में मलेरिया के मामलों की निगरानी बढ़ाने और उपचार सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कदम उठाए हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# नियम-कायदे सख्त : कंफर्म टिकट लेकर ही ट्रेन में चढ़ें, वेटिंग से यात्रा करने पर रेलवे वसूलेगा भारी जुर्माना

दिल्ली। ट्रेनों के आरक्षित कोच में सफर करने की हरी झंडी अब सिर्फ उसे ही मिलेगी, जिनके पास कन्फर्म टिकट होगा। टिकट चेकिंग नियमों को लेकर रेलवे अब सख्त हो गया है। वेटिंग टिकट पर सफर करने वाले मुसाफिरों की रिजर्व कोच में अब नो एंट्री हो गई है। अगर कोई ऐसा करता है तो उसे 250-440 रुपये के बीच जुर्माना देना पड़ेगा।

साथ में अगले स्टेशन पर आरक्षित श्रेणी का कोच भी छोड़ना पड़ेगा। वहीं, अगर जनरल टिकट पर आरक्षित श्रेणी में कोई यात्रा करता है तो उसको ट्रेन शुरू होने से लेकर खत्म होने तक की दूरी का किराया और जुर्माना देना पड़ेगा। साथ में कोच भी छोड़ना पड़ेगा। रेल मंत्रालय की तरफ से हर जोन के रेलवे अधिकारियों को नियम-कायदे सख्ती से लागू करने के मौखिक आदेश दिए गए हैं।

ट्रेनों में इन दिनों बेतहाशा भीड़ है। अभी से ही छठ व दिवाली के दौरान किसी भी नियमित ट्रेनों में आरक्षित बर्थ खाली नहीं है। ऐसे में रेलवे ने अपने पुराने कानून को सख्ती से लागू कर रहा है। अब कई रूटों की ट्रेन में उसी यात्री को यात्रा करने की मंजूरी दी जा रही है, जिनके पास उस कोच में कन्फर्म टिकट है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यह कोई नया नियम नहीं है। यह पहले से रेलवे बोर्ड का सर्कुलर है। इतना जरूर है कि टिकट चेक करने की प्रक्रिया में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# दिग्विजय कालेज में सीट भरने से पूर्व काउंसिलिंग शुरू

## दूसरी सूची जारी होने के बाद कालेजों में भीड़ का आलम, एक अगस्त से कक्षाएं होगी प्रारंभ

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों शहर के महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की भीड़ दिखाई दे रही है। कॉलेजों में अपने मन-पंसद विषय के लिए ऑन लाइन आवेदन देने के बाद सीटों को लेकर मारामारी देखी जा रही है। बता दे कि पहली सूची जारी होने के बाद कालेजों में प्रवेश के लिए वह मारामारी नहीं थी। दूसरी सूची जारी होने के बाद मारामारी शुरू हो गई है। हालांकि कालेजों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई है लेकिन दिग्विजय कालेज एडवांस में चल रहा है। यहां लगभग 19 सौ सीटे भरने के पूर्व ही काउंसिलिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है।

कालेज में अलग-अलग विषयों की काउंसिंलग शुरू हो गई है। बताया जाता है कि काउंसिलिंग के बाद जो सीटे बच जाएगी, उसे आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को दिया जाएगा। बता दे कि एक अगस्त से कक्षाएं लगनी शुरू हो जाएगी। वर्ष 2024-25 से नई शिक्षानीति के तहत महाविद्यालयों में अध्यक्ष अध्यपिन का कार्य सुनिश्चित किया जाना है। चूंकि एक अगस्त से कक्षाएं शुरू हो जाएगी। इस लिए



महाविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बहरहाल कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि व कक्षाएं लगाने का समय नजदीक आते देख विद्यार्थियों की भीड़ नजर आने लगी है।

### एक हजार विद्यार्थियों का दाखिला

जिले के एक मात्र स्वशासी दिग्विजय कालेज में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थियों की चाह रहती है। यहां विभिन्न संकायों के 1900 सीटें है जिसमें से हजार से ज्यादा सीटे भर गई है। प्रबंधन की माने तो उक्त सीटों के विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों में दाखिला दिया जा चुका है। यहां दूसरी सूची जारी होने के बाद ही काउंसिलिंग शुरू कर दी गई थी।

दिग्विजय कालेज के साथ-साथ कमला कालेज, शिवनाथ सांईस कालेज में भी पर्याप्त सीटे होने के बाद भी प्रवेश के लिए मारामारी की स्थिति बनी हुई है। कालेजों में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थी हार्ड कापी के साथ पहुंच रहे है। दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि 30 जुलाई तक दाखिला पूर्ण करना है फिलहाल काउंसिलिंग जारी है। इसके बाद सीट रिक्त होने पर विद्यार्थियों को कालेज में दाखिला दिया जाएगा।

### दिग्विजय में कट आफ हाई

बता दे कि शहर के दिग्विजय कालेज से लेकर कमला कालेज शिवनाथ सांईस कालेज के साथ-साथ निजी कालेजों में भी विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। अब तक दो सूची का प्रकाशन किया जा चुका है जिसमें बीए. बीएससी, बी.कॉम के साथ-साथ अन्य पाठयक्रमों में प्रवेश दिया जाना शुरू हो गया है। दस्तावेजों का मूल्यांकन करने के बाद विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। काउंसिलिंग शुरू हो गई है अतः शासकीय दिग्विजय कालेज में प्रवेश पाने के लिए विद्यार्थियों की भारी भीड़ होने के वजह से यहां पर भी कट आफ हाई है। जिसके चलते यहां पर कम अंक पाने वाले विद्यार्थियों को अभी भी इंतजार करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रार श्री परगनिहा ने बताया कि चूंकि आगामी एक अगस्त से कालेज में कक्षाएं लगनी शुरू हो जाएगी। इसलिए इसके पहले काउंसिलिंग प्रारंभ कर विभिन्न संकायों में दाखिला पूरी करने का भरसक प्रयास किया जा रहा है।


# पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत् 19 प्रकरणों में 20 आरोपियों के विरूद्ध की कार्यवाही



राजनांदगांव (दावा)। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कुल 19 प्रकरणों में 20 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से 110 पौवा अवैध देशी प्लेन शराब जप्त की है वहीं परिवहन में प्रयुक्त स्कुटी एक्टिवा क्रमांक सीजी-08/ए.एफ.9409 वाहन जप्त किया है।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदशन मे अवैध रूप से शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही करने के संबंध में जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को निर्देश दिया गया था जिसके तहत शनिवार 14 जुलाई को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 34(2) के 01 प्रकरण में 83 पौवा देशी शराब कीमत 7470 रु., थाना छुरिया पुलिस द्वारा 34(1) के 01 प्रकरण में 27 पौवा देशी शराब कीमत 2430 रु. बिक्री रकम 1170 रु., थाना चिचोला पुलिस द्वारा 36(च) के 02 प्रकरण, डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा 36(च) के 01 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 36(च) के 02 प्रकरण, थाना सोमनी पुलिस द्वारा 36(च) के 02 प्रकरण, सुरगी पुलिस द्वारा 36(च) के 01 प्रकरण, बसंतपुर पुलिस द्वारा 36(च) के 06 प्रकरण, थाना डोंगरगाँव पुलिस द्वारा 36(च) के 03 प्रकरण आबकारी एक्ट के तहत कुल 19 प्रकरणों में 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 110 पौवा अवैध देशी शराब कीमती 9900 रु. जप्त किया जाकर सभी 20 आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# सद्गुरु सुधांशु महाराज के शिष्यों द्वारा सद्गुरु कृपा छाया धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के दिन गुरु और शिष्य का महामिलन होता है गत दिवस विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल की अति आवश्यक मीटिंग संस्था अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतावनी के निवास पर आयोजित की गई जिसमें 21 जुलाई गुरु पूर्णिमा महोत्सव भक्ति भाव से मनाने का निर्णय लिया गया।

सद्गुरु कृपा छाया धाम झूलेलाल मंदिर लालबाग में सद्गुरु सुधांशु महाराज का भव्य दरबार आकर्षक साज सज्जा के साथ रंग-बिरंगे पुष्पों से सजाया जाएगा। प्रातः 9:00 बजे दीप प्रज्वलन, प्रातः 9:10 बजे से सद्गुरु चरण पादुका पूजन प्रातः 9:20 बजे सद्गुरु भक्ति सिमरन माला जाप, प्रातः 9:40 बजे से सद्गुरु भक्ति सागर में गोते लगाते हुए भक्तों की उपस्थिति में भजन यामिनी प्रवाहित होगी। तत्पश्चात प्रातः 11:00 सदगुरु सुधांशु महाराज की दिव्य भव्य महाआरती की जाएगी तत्पश्चात संस्कारधानी राजनादगांव को ग्रीन एवं क्लीन राजनांदगांव का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा प्रसाद वितरण के साथ सद्गुरु ज्ञान गंगा जीवन संचेतना का वितरण भी उपस्थित भक्तजनों को किया जाएगा।

बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रहलाद चेतवानी, कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, सचिव सौरभ खंडेलवाल, कार्यकारिणी सदस्य संतोष तिवारी महेश खंडेलवाल, भानु पटेल, निर्भय गढ़पायले आदि सदस्य विशेष रूप से उपस्थित थे।

# युगांतर में बहुप्रतीक्षित मैथ्स लैब का उद्घाटन

राजनांदगांव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी शिक्षण संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में संस्था के चेयरमैन विनोद सदानी, निदेशक (अकेडमिक्स) अजय सिंगी, अखराज कोटड़िया, नरेंद्र कोटड़िया के कर कमलों द्वारा बहुप्रतीक्षित मैथ्स लैब का उद्घाटन हुआ।

इस लैब के जरिए विद्यार्थी विभिन्न बहुआयामी वस्तुओं का उपयोग करते हुए पाइथागोरस थ्योरम, त्रिकोणमिति, ज्योमेट्री की कांप्लेक्स कॉन्सेप्ट्स को आसान करने के विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से उच्च स्तरीय मैथ्स को सरल बनाने के तरीके सीखेंगे। इसी तरह विद्यार्थियों को इसमें विभिन्न मॉडल के सहयोग से कठिन संकल्पनाओं को सरल बनाने के तरीके सीखने में मदद मिलेगी। कक्षा के अंदर पुस्तकों में पढ़े जाने वाले मैथ्स विषय को दैनिक जीवन में नियमित दिनचर्या



में प्रयुक्त होने वाले टीचिंग एड के साथ जोड़ते हुए उन्हें रुचिकर बनाने के विभिन्न माध्यम इस लैब में मुहैया कराए गए हैं। यही नहीं इसकी मदद से विद्यार्थी विभिन्न क्रियाकलापों के माध्यम से मैथ्स को रुचिकर बनाने के तरीके सीखेंगे।

लैब में क्षेत्रफल, आयतन, भिन्न एवं दशमलव से शुरू करते हुए इंटीजर बेस्ड क्वेश्चंस तक की भूमिका रहेगी। मैथ्स के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस संदर्भ में बताया कि यह प्रयोगशाला समस्त विद्यार्थी तथा शिक्षकों के लिए अत्यधिक उपयोगी रहेगी।

विद्यार्थियों के लिए इसका प्रयोग निश्चित ही मैथ्स विषय को सरल बनाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान निभाएगा। विद्यार्थी लर्न बाय फन मेथडोलॉजी के साथ रियल लाइफ एग्जांपल्स को लेते हुए मल्टी डिसीप्लिनरी अध्ययन अध्यापन को प्रोत्साहित करने के तरीके सीखेंगे। विद्यार्थी एफएलएन मल्टीपल इंटेलिजेंस एवं इंटरडिसीप्लिनरी अप्रोच पर भी फोकस रहेंगे। ब्रेनस्टॉर्मिंग मेथड तथा आर्ट ऑफ क्वेश्चनिंग के फायदों पर ग्रुप डिस्कशन के माध्यम से एक्टिविटीज करवाई जाएगी।

युगांतर में नित नए नवाचारों के प्रयोग पर बल दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थीगण कठिन से कठिन मैथ्स को सरलता से समझ सकें। इस मैथ्स लैब के उद्घाटन से विद्यार्थी और उनके पालक अत्यंत हर्षित हैं। इस अवसर पर अपने बधाई संदेश में संस्था के सेक्रेटरी विनय डड्ढा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्राचार्य मधु पी.चौधरी, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने कहा है कि मैथ्स विषय को रोचक बनाने के लिए यह प्रयोगशाला महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# पुलिस की मदद से मिला जरूरी कागजातों और सामान सहित गुम बैग

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग थाना पुलिस की मदद चाहने वाले एक व्यक्ति को उसका गुमा थैला आवश्यक कागजात और सामान सहित वापस मिल गया है। आवेदक का गुम बैग खोजने में कोतवाली पुलिस ने भी मदद की। अपना गुम बैग मिलने पर आवेदक ने पुलिस की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। बताया जाता है कि रविवार 14 जुलाई को प्रार्थी अजय भारती साहू पिता विशम्भर साहू निवासी रेवाडीह वार्ड नं0 22 थाना लालबाग थाना आकर सूचना दिया कि वह जिला कार्यालय के सामने ओव्हर ब्रिज के नीचे बिजली सामान का दुकान लगाता है। दुकान को बंद कर घर जा रहा था थैला मोटर सायकल के पीछे बांधा था। जो घर जाने के बाद पता चला कि बैग का कही रास्ते मे गिर गया है।



इस सूचना पर तत्काल पुलिस स्टाफ भेजकर कलेक्ट्रेट, अम्बडेकर चौक के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया जो जिसमे एक व्यक्ति द्वारा अम्बेडकर चौक से प्रार्थी के गिरे हुए बैग को उठाकर अपने साथ ले गया है। अज्ञात व्यक्ति के मोटर सायकल के नंबर के आधार अज्ञात व्यक्ति का पता लगाया गया। व अज्ञात व्यक्ति को थाना बुलावाकर गुम बैग जिसमे प्रार्थी का 10 नग एमरजेंसी लाईट, 08 नग टार्च, 04 नग बल्ब, पर्स जिसमे आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं आवश्यक दस्तावेज इत्यादि रखा था जिसे ढूंढकर प्रार्थी को सौपा गया। जिस पर प्रार्थी द्वारा कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही से खुश होकर सभी स्टाफ को धन्यवाद दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, आरक्षक कमलेश बंजारे, ललित सिंह, सी0सी0टी0व्ही0 ऑपरेटर अभिषेक साहू एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



राजनांदगांव (दावा)। भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर से अपने घर प्रभात नगर लालबाग पहुंचे। इस अवसर पर भक्तगण बड़े हर्षोल्लास बाजे-गाजे के साथ यात्रा में शामिल हुए। समिति अध्यक्ष सतीश सोनी एवं प्रमुख संदीप सोनी ने भक्तों का आभार प्रकट किए। यह जानकारी राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने दी।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जा रहा पौधरोपण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन जिले में वृहद पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य केन्द्रों में विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि पौधोरोपण से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को एक अच्छा वातावरण मिल पाएगा तथा गर्मी के दिनों में छाया भी मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा विगत दिवस वृहद पैमाने पर स्वास्थ्य केन्द्रों के आसपास फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनकी संपूर्ण सुरक्षा की जिम्मेदारी ली गयी है। जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगभग 1291 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए हैं।

# अवैध शराब बिक्री, आरोपी पकड़ाया

राजनांदगांव(दावा)। कन्हारपुरी क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 83 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया।



कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 14 जुलाई को मुखबिर की सूचना पर कन्हारपुरी ओवरब्रिज के नीचे रेड कार्रवाई कर आरोपी विजय ढीमर (19) के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 83 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 7470 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

### निविदा आमंत्रण

छ.ग. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत ऑचल संकुल संगठन, ग्राम पंचायत पदुमतरा, वि.खं. व जिला राजनांदगांव में प्रशिक्षण एवं अन्य कार्यक्रमों में भोजन, चाय, नाश्ता हेतु जि. राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्रों के एनआरएलएम में पंजीकृत समूहों से निर्धारित प्रारूप में निविदा 15/07/2024 से 16/08/2024 तक आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र व अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें। अध्यक्ष, ऑचल संकुल संगठन, ग्राम पंचायत पदुमतरा, जिला राजनांदगांव

यामिनी सेन
अध्यक्ष, आंचल क्लस्टर संगठन ग्राम पदुमतरा,
जि.व वि.खं. राज.

### न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि पक्षकारगण आवेदक हुनेश गढ़ेवाल आ. स्व. श्रीनरसिंग गढ़ेवाल माता स्व. सावित्री गढ़ेवाल उम्र-25 वर्ष निवासी- मकान नंबर 535 वार्ड नंबर 23 गोलबाजार राजनांदगांव थाना-सिटी कोतवाली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) आवेदिका दीक्षा नागवंशी आ. लखनलाल नागवंशी उम्र 25 वर्ष निवासी-वार्ड नंबर 14 बाद्य कॉलोनी बालाघाट थाना-सिटी कोतवाली तहसील व जिला-बालाघाट (म.प्र.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 30/07/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक :- 10/06/2024
पेशी तारीख :- 30/07/2024

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव (छ.ग.)

### कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव, (नाम निर्दिष्ट अधिकारी) जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/2392/ न.पं./ वार्ड परि./2024-25 डोंगरगांव, दिनांक 15/07/2024

प्रारूप
(नियम 07)

**नगर पंचायत क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**


एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डोंगरगांव नगर पंचायत क्षेत्र के 15 वार्डों में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये हैं, जो डोंगरगांव नगर पंचायत कार्यालय तथा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति एवं सुझाव इस सूचना की तारीख से दिनांक 22/07/2024 के भीतर लिखित रूप में अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगांव के कार्यालय के कक्ष क्रमांक 01 में प्रस्तुत किये जायेंगे।

(मनोज कुमार मरकाम)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
(नाम निर्दिष्ट अधिकारी वार्ड परिसीमन)
नगर पंचायत-डोंगरगांव

स्थान :- डोंगरगांव
दिनांक :- 15/07/2024

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
शानदार दूसरा सप्ताह रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
भैरा उका के कामेडी के डोज... पारिवारिक फिल्म
मोहित साहू कृत
हण्डा
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - अमलेश नागेश, अमृता कुशवाहा, अनिल सिन्हा, नीरज उइके, धर्मेन्द्र साहू आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

Paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
15th July To 18th July 2024



Handa - 12:15, 03:15, & 06:15 pm
Sarfira - 12:00, 03:00, 06:30 & 09:30 pm
Hindustani 2 - 11:30am, 03:00 & 09:30 pm
Kalki 2898 AD - 06:00 & 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहर बालोद प.ह.नं. 06 तहसील व जिला बालोद (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 255/7 रकबा 0.0910 हेक्टेयर या 22.1/2 डिसमिल भूमि-लक्ष्मीनारायण, कृष्णाराम, शीतकुमारी, गीतादेवी, होमबाई, जामबाई, पिसराम, परसराम साकिन बालोद के नामे खाते के राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज है।

उक्त खसरे की भूमि के विक्रय हेतु भूमिस्वामी के द्वारा क्रेता उमेश कुमार सेन पिता नेतराम सेन निवासी वार्ड नं. 07 बालोद जिला बालोद के पक्ष में दिनांक 11/07/2024 को विक्रय सौदा का इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है, जिसका उप पंजीयक कार्यालय बालोद में रजिस्ट्री बैनामा निष्पादन होना है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था को उक्त खसरे की भूमि विक्रय पंजीयन में किसी प्रकार की उजर, दावा, आपत्ति है, तो दिनांक 11/08/2024 तक क्रेता या सक्षम न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त दिनांक 11/08/2024 के बाद की गई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सो सूचना जाने

क्रेता
उमेश कुमार सेन
वार्ड नं. 07 बालोद
जिला बालोद (छ.ग.)

### कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी एवं विहित अधिकारी (वार्ड परिसीमन) राजनांदगांव

**नगर पालिक निगम क्षेत्र के वार्डो की सीमाओं के अवधारण संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राजनांदगांव नगर पालिक निगम क्षेत्र को 51 वार्डों में विभाजित करते हुए, प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं, जो राजनांदगांव नगर पालिक निगम कार्यालय में कार्यालय समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से, सात दिन के भीतर लिखित रूप में कलेक्टर/अनुविभागीय अधिकारी एवं विहित अधिकारी (वार्ड परिसीमन) के नाम से कार्यालय नगर पालिक निगम, राजनांदगांव (निर्वाचन शाखा) को प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

स्थान-राजनांदगांव
दिनांक 15.07.2024

अनुविभागीय अधिकारी एवं
विहित अधिकारी (वार्ड परिसीमन)
वास्ते कलेक्टर
राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-4-0
450-9 690-5
राजधानी
3-5-9
160-7 278-7

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

### कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

email id- cmhovskcg@gmail.com Telephone no.- 07820-299788

क्रमांक/स्था.अवि./2024/1477 खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, दिनांक 12/07/2024

प्रति,
श्रीमती मीनाक्षी त्रिपाठी
ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला
उप स्वास्थ्य केन्द्र बकरकट्टा, छुईखदान
पता- ग्राम व पोस्ट सिंगारघाट तह. खैरागढ़
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**विषयः-** कार्य पर उपस्थित होने विषयक।

**संदर्भः-** 1. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/ स्था.अवि./2024/444 खैरागढ़ दिनांक 13.03.2024
2. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/ स्था.अवि./2024/898 खैरागढ़ दिनांक 20.05.2024
3. छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा) मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक एफ 3-1/2024/1-3 नवा रायपुर दिनांक 14.05.2024
4. छ.ग. शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर जिला रायपुर का पत्र क्रमांक एफ 6-2/2023/17-01 (पार्ट) नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 22.05.2024

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आप दिनांक 01.09.2016 से आज दिनांक तक बगैर कोई सूचना एवं लिखित जानकारी के अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है।

संदर्भ क्रमांक 01 एवं 02 के माध्यम से आपको 07 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया था, किन्तु उपस्थित नहीं देते हुए आज दिनांक तक आपने कर्तव्य से अनुपस्थित है।

संदर्भ क्रमांक 03 एवं 04 में दिये गये निर्देश के परिपालन में आपको पुनः निर्देशित किया जाता है, पत्र जारी दिनांक से 10 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षर कार्यालय में अपनी उपस्थिति देवे अन्यथा पत्र के अवहेलना की स्थिति में एकतरफा कार्यवाही करते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही की जावेगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होगी।

जी-242501092/1

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

# आदिवासी नेता एम.डी. ठाकुर के नेतृत्व में सूदखोरों के हाथों लूटे गए सैकड़ों किसानों ने कलेक्ट्रेट में बोला धावा

राजनांदगांव (दावा)। इन दिनों जिले के किसान चाहे सोसायटी प्रबंधकों के हाथों हो या सूदखोरों के द्वारा लूटे जा रहे हैं। छुरिया क्षेत्र में खोभा सोसायटी में किसानों को केसीसी ऋण के नाम पर लाखों रुपए हड़प लिए जाने का मामला अभी गर्म बना हुआ है। ऐसे में छुरिया क्षेत्र के ही किसानों को सूदखोरों द्वारा लूटे जाने का मामला सामने आया है।

बताया जाता है कि मोटी ब्याज दर और समय-समय पर मदद के बहाने जमीनों पर गिद्ध दृष्टि रखने वाले गिरोह न केवल शहर में सक्रिय है, ग्रामीण क्षेत्रों में भी काम करने लगा है। उक्त सूदखोरों द्वारा कम पढ़े-लिखे और सीधे-साधे गरीब किसानों को ढूंढने की जुगत में लग गए हैं। इनका मतलब सीधा और साफ है कि अधिक दर पर राशि मुहैय्या करो और फिर सीधे-साधे भोले भाले किसानों को दांव पेंच में फांसकर मूल रूपी जमीन हड़पो। इस नीयत को जमीनी हकीकत में बदल कर किसानों की जमीनों को अपने गुर्गों के नाम कराने की कोशिश कर रहे हैं। इस मामले को लेकर आदिवासी नेता एम.डी. ठाकुर ने छुरिया क्षेत्र के लगभग 14 किसान परिवारों के साथ सैकड़ों लोगों को लेकर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने पहुंचे हुए थे। पीड़ित किसानों ने जिला पंचायत सीईओ और प्रभारी कलेक्टर सुरुचि सिंह को आपबीती सुनाई। जिस पर उन्होंने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

### धोखाधड़ी कर निकाली गई रकम

श्री ठाकुर के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों ने बताया कि ऋण पुस्तिका के नाम पर उनके साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी की गई है। आदिवासी युगल किशोर पिता सहदेव गोंड ने लालूटोला के अख्तर खान पर धोखाधड़ी कर पैसा गबन करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि अपने ससुर रामनाथ पिता बिसाहू, जाति गोड के साथ अख्तर खान पिता अब्बास खान निवासी लालूटोला द्वारा धोखाधड़ी कर अधिक रकम निकाल लिया है। प्रार्थी ने कहा कि मेरे ससुर द्वारा घर वालों को इस बात की जानकारी दी गई थी कि मैं घर के काम के लिए 1 लाख 20 हजार रूपये ब्याज में अख्तर खान के माध्यम से राजनांदगांव से लाया था जिसका हम लोग 6000 रू.



**कोरे कागज में दस्तखत कराकर जमीन हड़पे जाने का मामला**

(अक्षरी छह हजार रूपये) प्रति माह अनावेदक अख्तर खान को दे रहे थे और अनावेदक अख्तर खान द्वारा घर आकर उक्त ब्याज की रकम ले जाता था। यह कि ससुर के द्वारा कुछ कारण वश दो माह राशि नहीं दे पाये, तब अख्तर खान घर आया और डरा कर धमकी दिया कि तुम लोग मूल धन के दो लाख पचास हजार रूपये और ब्याज की रकम नहीं पटा रहे हो, नहीं पटाओगे तो तुम्हारे जमीन को दूसरे के पास बेच देंगे। यह बात किसी को भी बताना नहीं तो हमसे बुरा कोई नहीं होगा। ऐसा धमकी अख्तर खान के द्वारा दो-चार दिन में आता और दिया करता था। आवेदक के ससुर स्व. रामनाथ को ज्ञात हुआ कि मेरे नाम पर अख्तर खान के द्वारा दो लाख पचास हजार रूपये निकाल लिया है। यह ज्यादा रकम की बात सुनकर प्रार्थी के ससुर को सदमा लगा दो दिनों के बाद उसकी मृत्यु भी हो गई। पीड़ित परिवार इसका जिम्मेदारी अख्तर खान को ही मान रहे है।

### दर्जन भर किसानों की अलग-अलग कहानी

बता दें कि ब्याज में पैसा देने को लेकर और ज्यादा राशि के अलावा उनके खातों से राशि निकालने के मामले को लेकर मामला अत्यंत ही चौंकाने वाला है। सबसे बड़ी बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सूदखोरों का जाल इस कदर फैला हुआ है कि इस मामले को लेकर जब ग्रामीणजनों ने बैठक की, तो उस बैठक में भी राजनांदगांव का एक सूदखोर भी बाकायदा मौजूद था। बताया जाता है कि छुरिया के किसानों पर जो आफत अभी नजर आ रही है, उसके तार राजनांदगांव से जुड़े हुए हैं। इस मामले की तफ्तीश करने पर सहदेव नगर का एक व्यक्ति जो किराना दुकान का काम करते हैं, उसके माध्यम से ही छुरिया क्षेत्र में रुपए बांटे गए हैं।

### गंभीरता से जांच करने की दिशा में पुलिस

बताया जा रहा है कि इस मामले में एसडीओपी डोंगरगढ़ को जांच अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है और सिलसिलेवार जांच की प्रक्रिया पर उच्च अधिकारियों की सूक्ष्म नजर रहेगी। कलेक्ट्रेट पहुंचे किसानों के साथ महिलाएं भी शामिल थी। ज्ञापन सौंपने के बाद एसपी से भी मिलने पहुंच गया।

इस मामले में आखिर दोषी कौन होता है, यह जांच के पश्चात ही पता चल पाएगा। बहरहाल यह मामला भारतीय जनता पार्टी के नेता और आदिवासी समाज के एमडी ठाकुर द्वारा उठाया गया है इसलिए कहीं ना कहीं इस मामले की गंभीरता के परिणाम शीघ्र ही सामने आने की बात कही जा रही है।

## शहर में एक घंटे की बारिश से निचली बस्तियों में घुसा पानी

**नालियों का कचरा सीमा तोड़ सड़क पर आकर बहने लगा**



राजनांदगांव(दावा)। लम्बी प्रतिक्षा के बाद सोमवार को आसाढ़ ने कृपा दिखाई है। सोमवार को दोपहर शहर सहित जिले भर में जोरदार बारिश हुई। भले ही कुछ देर के लिए ही सही लेकिन गरज घुमड़कर हुई इस बारिश से नगर निगम की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। एक तो वैसे ही वार्डों के सफाई ठेका नहीं होने से वार्डों में कचरे का अंबार है। कई जगह फूटी पाईप लाइन होने की वजह से पानी रिसने लगा है। इससे सड़क में गडढे हो गए है। इससे लोगों को कीचड़ मय सड़क से गुजरना पड़ रहा है। बारिश से उक्त गडढो में कीचड़ का अंबार लग गया है।

इधर दोपहर से शुरू होकर शाम तक रूक-रूककर बारिश होने से शहर की जर्जर सड़कों में कीचड़ का माहौल बना रहा, वही कचरे से जाम नाले-नालियों से सीमा तोड़कर सड़कों में गंदा पानी बहने लगा। शहर के वार्ड नं. 41 में बहने वाले गंदे नाले से बजबजाता हुआ पानी बारिश के पानी में मिलकर लोगों के घरों में घुस गया। वार्ड के लोग इससे काफी परेशान रहे। वार्डवासियों का कहना है कि नाले की सफाई नहीं होने से बारिश होने पर नाले का पानी उसके घरों में घुस जाता है। यही शिकायत निचली बस्तियों की भी रही। बहरहाल लोगों को इससे परेशानी तो जरूर हुई लेकिन बड़े दिन बाद अच्छी बारिश होने से लोगों को थोड़ा सुकुन भी मिला। उमस व चिपचिपी गर्मी से जूझ रहे लोग इस बारिश से थोड़ी राहत महसूस किये हालांकि इस बारिश से जलाशयों को जल स्तर ज्यादा बढ़ना तो नहीं है। लेकिन खेतों में उग रहे घास की फसल को यह प्राणदान देने वाला जरूर साबित हुआ है।

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तहसीलदार और थाना प्रभारी को किया सस्पेंड



बालोद (दावा)। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा सोमवार को जिले के दौरे पर थे, जहां उन्होंने कलेक्टोरेट परिसर में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली, इस दौरान उन्होंने कमियां पाए जाने पर सम्बंधित अधिकारिओं को जमकर फटकार भी लगाई। मार्री बंगला देवरी के तहसीलदार नीलकंठ जन बन्धु के खिलाफ किसानों से शिकायत मिलने के बाद उप मुख्यमंत्री ने तत्काल एक्शन लेते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया, इसी तरह गुरुर थाना प्रभारी डी के कुर्रे को लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन न कर पाने की वजह से निलंबित कर दिया गया है।

समीक्षा बैठक के बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि उन्होंने लॉ एंड आर्डर ठीक नहीं करने पर एक थानेदार को सस्पेंड किया है, इसके अलावा किसानों से मिली शिकायत के बाद एक तहसीलदार को भी सस्पेंड किया गया है, उन्होंने बताया कि यहां पर अनेक बातों के लिए आज सहमति हुई है। जिले में सभी लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने, लोगों के लिए सोनोग्राफी की व्यवस्था करने और बालोद जिले के सभी मुख्यालयों में स्थित प्राइमरी स्कूलों में बायोमैट्रिक और सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था करने के लिए भी निर्देश दिए है उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कलेक्टर को भी निर्देशित किया गया है कि राजस्व कैंप लगाकर जल्द से जल्द किसानों की समस्या का निराकरण करें, अगले प्रवास तक कई तरह के कार्य पूर्ण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## ट्रेफिक उल्लंघन करने वालों पर रहेंगे इंटरसेप्टर वाहन की कड़ी नजर



**○ शहर को मिली इंटरसेप्टर वाहन की सौगात**
**○ हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

राजनांदगांव(दावा)। अब शहर में ट्रेफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं। शहर में ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी नजर रखने के लिए यातायात विभाग को अत्याधुनिक मशीनों से लैस इंटरसेप्टर वाहन मिल गया है।

बताया जाता है कि सोमवार 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा आबंटित नये इंटरसेप्टर वाहन को पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा राजनांदगांव रेंज द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन अत्याधुनिक मशीनों से लैस है। स्पीड लेजर गन, लेजर एवं इन्फ्रारेड तकनीक में कार्य करती है। यह सड़क पर तेज गति से चलने वाले वाहनों को 500 मीटर की दूरी से कैप्चर कर लेती है, जिससे ओव्हर स्पीड चलने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही करने में सहायक होगी। साथ ही इंटरसेप्टर वाहन में एक साथ अन्य कई विशेषताएं है, जैसे- स्पीड राडार गन- निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनों की गति मापन, ब्रीथ एनालाईजर- नशे में वाहन चलाने की जांच होगी। सर्विलांस कैमरा- वाहनों की निगरानी के साथ प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र व वाहनों की तेज हेड लाईट्स(प्रकाश) जांच की जा होगी। ग्लास पारदर्शिता यंत्र- वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने व ध्वनि मापक यंत्र- वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रो की आवाज मापने का काम भी करेगा। पीए सिस्टम यंत्र- सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा-निर्देश दिये गये।

इंटरसेप्टर वाहन की मदद से अब यातायात पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर लगातार कार्यवाही करेंगी। यातायात पुलिस की आम लोगों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, ओव्हर स्पीड एवं शराब सेवन कर वाहन न चलाए। नियंत्रित गति में वाहन चलाये एवं सुरक्षित रहें।

## रेलवे द्वारा शीघ्र ही जबलपुर से रायपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन

राजनांदगांव (दावा)। जबलपुर से रायपुर वंदे भारत एक्स की संभावना गुगल में दर्शित एक समाचार 9 जुलाई के अनुसार रेलवे शीघ्र ही जबलपुर से रायपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन करने जा रही है। इस प्रस्तावित ट्रेन का रुट स्पष्ट नहीं किया गया है, किंतु इसमें दूरी 512 कि, मीटर बताई गई है, इससे संभावना है कि ये वंदे भारत ट्रेन भी कटनी, बिलासपुर के रास्ते चलाई जाएगी, क्योंकि जबलपुर से रायपुर की दूरी लगभग 512 से 517 किलोमीटर के बीच है। वर्तमान समय में बिलासपुर से 2 रोजाना एवं 2 साप्ताहिक एक्स ट्रेन (18234 नर्मदा एक्स,12853 अमरकंटक एक्स, 20828 हमसफर एक्स, 22910 पुरी वलसाड एक्स) की सुविधा मिल रही है, रायपुर से भी एक एक्स (अमरकंटक एक्स) की सुविधा रोजाना मिल रही है। ये विडंबना है कि जब भी नई ट्रेन का संचालन किया जाता है तो वो दुर्ग से या गोंदिया से किया जाता है, इससे दुर्ग और गोंदिया के बीच की जनता को रेल का लाभ नहीं मिल पाता है।



आज भी राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और आमगांव क्षेत्र की जनता को जबलपुर जाने के लिए दुर्ग या गोंदिया स्टेशन जाना पड़ता है, अतः उचित होगा कि प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस को जबलपुर से रायपुर के बीच 1 वीआईए नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं दुर्ग होकर चलाया जाए। जबलपुर से रायपुर 1वीआईए गोंदिया की दूरी लगभग 410 कि.मी. है, जो कि 1वीआईए कटनी, बिलासपुर की तुलना में लगभग 105 कि.मी. कम है। इस प्रस्तावित वंदे भारत एक्सप्रेस को जबलपुर से रायपुर 1 वीआईए नैनपुर, गोंदिया एवं दुर्ग होकर और इसका स्टॉपेज नैनपुर, बालाघाट, गोंदिया, डोंगरगढ़, राजनांदगांव एवं दुर्ग में देते हुए, चलाने के लिए आम नागरिक तथा राजनैतिक दलों को विशेष प्रयास करना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ वार्षिक सामान्य बैठक बिलासपुर में सम्पन्न



बिलासपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ का वार्षिक सामान्य बैठक जिला कबड्डी संघ बिलासपुर व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की अगुवाई में रविवार सुबह 11 से दोपहर 2बजे तक होटल सेफरान सभागार में आयोजित हुआ जिसमें पुरे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ के अध्यक्ष व सचिव बैठक उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ कबडी संघ के पदाधिकारियों का स्वागत जीवन मिश्रा अध्यक्ष जिला कबड्डी व प्रदीप यादव सचिव जिला कबड्डी संघ बिलासपुर के द्वारा पुष्पगुछ भेंटकर स्वागत किया।

इस संबंध में जानकारी देते क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष 2024-25 की आगमी कबड्डी प्रतियोगिता की रूप रेखा निर्धारित किया गया और विगत वर्ष की आयोजित की गई कबड्डी प्रतियोगिता का विवरण छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव बसंत शर्मा द्वारा बैठक में बताया गया उसी प्रकार राशीय स्तर पर होने वाली आयोजन की जानकारी छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष अशोक चौधरी द्वारा बैठक में जानकारी प्रदान किया गया।

छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा आयोजित को जाने चाली महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता व बालक व बालिका जूनियर व सब जूनियर प्रतियोगिता की आयोजन में खर्च होने वाली अनुमानित राशि व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों व कोच मैनेजर में होगी वाली दैनिक भत्ता खर्च का विवरण व राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए कैंप की लागत का विवरण छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष अवध राम चंद्राकर द्वारा बार्षिक बैठक में बताया गया आगामी कबड्डी प्रतियोगिता का होने वाली आयोजन का आबंटन बैठक में किया गया जिसमें ओपन पुरूष सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला कबड्डी संघ बालौदाबाजार की मेजबानी में किया जायेगा, सीनियर महिला का वर्ग का आयोजन जिला जीपीएम कबड्डी संघ की मेजबानी में आयोजित होगा ओपन जूनियर बालक वर्ग का आयोजन जिला कबड्डी संघ रायगढ़ व बालिका वर्ग का आयोजन जिला कबट्टी आयोजित किया जायेगा।

सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग का आयोजन जिला कबड्डी संघ व नगर कबड्डी संघ बिलासपुर की मेजबानी में आयोजित होगा छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ की वार्षिक सामान्य बैठक में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ अध्यक्ष अशोक चौधरी, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ उपाध्यक्ष दिनेश चंद्रवंशी, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ महासचिव बसंत शर्मा, छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष अवध राम चंद्राकर छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ रेफरी बोर्ड चेयरमैन ओमप्रकाश जायसवाल छत्तीसगढ़ कचड्डी संघ संयुक्त सचिव पीलू राम पारकर, सावित्री जायसवाल जीतेन्द्र सराफ चयन समिति चैयरमेन गौर चंद मिश्रा अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ रायगढ़ राजेश पटनायक, अध्यक्ष जिला कबड्डी संप मुंगेली कोमल मरावी, अध्यक्ष जिला कबड़ी संप बेमेतरा अभिषेक पांडेय, अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ शक्ति हरि पटेलू जांजगीर चापा कबड्डी संघ अध्यक्ष विनोद शुक्ला व सचिव शंकर कबड्डी संघ अध्यक्ष शशि बघेलु सचिव राजेंद्र, दुर्ग नगर कबी संघ अध्यक्ष राम दास यादव भिलाई व सचिव भूपेंद्र यादव, नगर कबड्डी संघ सचिव हिरेन्द्र साथ, धमतरी जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष कविता चंद्राकर व सचिव धनेशचरी निर्मलकर, बिलासपुर जिला कबड्डी संघ कार्यकारिणी अध्यक्ष राजेंद्र जगत, सेवा राम साहू कौशल कश्यप, संतोष धुर्व, हरबन कस्तूरिया, महेंद्र पटेल व राकेश देवागन आदि उपस्थित थे सभी जिलों व नगर के अध्यक्ष व सचिव को जिला कबड्डी संघ बिलासपुर व नगर कबड्डी बिलासपुर के द्वारा उपहार स्वरूप हाथ बैग देकर सम्मानित किया गया।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना 2024-25 के संबंध में जिला पंचायत सभागार में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बैंक, प्राथमिक कृषि सेवा सहकारी समितियों, लोक सेवा केन्द्रों, ऑनलाईन पंजीयन, बीमा अभिकर्ताओं को बीमा प्रस्ताव स्वीकार करने के नियमों एवं निर्देशों तथा बीमा करने के लिए प्रीमियम जमा करने, खाते से प्रीमियम कटौती करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि बीमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2024-2025 तक जिले के लिए भारतीय कृषि बीमा कंपनी का चयन निविदा के आधार पर हुआ है। किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रूपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रूपए, मूंगफल्ली 840 रूपए, मूंग एवं उड़द 540 रूपए, सोयाबीन 960 रूपए, अरहर 760 रूपए, कोदो 320 रूपए, कुटकी 340 रूपए एवं रागी 300 रूपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने

**फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक**

की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया कर प्रीमियम की राशि अंतरित (राजसात) किया जाएगा।

कार्यशाला में इस वर्ष बीमा अधिसूचना में ग्राम आईडी को संशोधन, प्रति हेक्टेयर ऋण मानसीमा, स्थानीकृत आपदा हेतु टोल फ्री नंबर 14447 एवं 18004190344 एवं व्हाट्सएप पर भी क्षति की सूचना स्वीकार किये संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्री बैंक, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, लीड बैंक अधिकारी के प्रतिनिधि एवं बैंक व समितियों के अधिकारी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण भारतीय कृषि बीमा कंपनी के क्षेत्रीय कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया गया। बताया गया कि 15 जुलाई को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी राजनांदगांव, 16 जुलाई को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी डोंगरगढ़, 18 जुलाई को कार्यालय वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी छुरिया, 19 जुलाई को कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डोंगरगांव में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र प्रभारी, समिति प्रबंधक एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को कार्याशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। किसानों से फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई के पूर्व अपने फसलों का बीमा कराने का आग्रह किया गया है। बीमा कराने के लिए किसानों अपने समिति, संबंधित बैंक, बीमा प्रदायक कंपनी भारतीय कृषि बीमा कंपनी, लोक सेवा केन्द्र से संपर्क कर तथा एआईडीई मोबाईल एप से भी अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में आयुक्त निवास में बरगद, पीपल व नीम का पौधा रोपा



राजनांदगांव (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण के दिन पूरे देश में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूवात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की थी। देश सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में अभियान के तहत लोग एक पेड़ अपनी माँ के नाम लगाने उत्साह दिखा रहे है। इसी कडी में आज निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अपनी माता जी के सम्मान में आयुक्त निवास में अपनी माता जी के साथ परिवार वालों की उपस्थिति में बरगद, पीपल एवं नीम का पौधा लगाया। उन्होंने शहर वासियों से इस अभियान में जुड़ शहर में हरियाली लाने अपनी मॉ के साथ या माता जी की स्मृति में पौधरोपण करने अपील की है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि जैसे बरगद व पीपल का पेड़ वर्षो तक हमें सहारा देते है, उक्त पेड़ आक्सीजन व छाया देने के साथ साथ धार्मिक आस्था का प्रतीक भी है। उसी प्रकार हमारी मॉ हमे बचपन से बड़े होते तक हमारा ध्यान रखकर हमें सहारा देने के साथ-साथ सफल जीवन जीने की प्रेरणा देती है। इन्ही बातों को ध्यान में रखकर हमे अपनी माता जी के साथ या उनकी स्मृति में अपने घर आंगन, बगीचा व खेत में पौध रोपण करना है। उन्होंने कहा कि आज शहर को विकसित करने वृक्ष अंधाधुध काटे जा रहे है, लेकिन उस मात्रा में पेड़ लगाया नहीं जा रहा है, जिससे पर्यावरण प्रदुषित हो रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधा लगाना अत्यंत जरूरी हो गया है। पौधे लगाने के साथ साथ उसका संरक्षण करना बहुत आवश्यक है, क्योकि देख रेख करने से ही पौधे वृक्ष का रूप लेंगे। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम अपने बच्चों की परवरीश कर उन्हें बड़ा करते है, उसी प्रकार हमे पौधे की देखरेख कर बड़ा करना है, तभी वृक्षारोपण की सार्थकता होगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाता है, पूर्व वर्षो में लगाये गये पौधों में अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे है। इस वर्ष भी निगम द्वारा पौधरोपण अभियान शुरू किया गया और 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसके तहत मुक्तिधाम, स्कूल, कालोनी, मेन रोड सड़क के किनारे, शासकीय कार्यालय, खुले स्थानों में शासकीय रिक्त भूमि में अब तक लगभग 27 सौ पौधे लगाये जा चुके है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख, कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारी व कर्मचारियों ने इस वर्ष विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोण अभियान जन सहयोग के बिना अधुरा है, जिसके लिये समाजसेवी, समाजिक संस्थाओं व व्यापारिक संगठनों से वृक्षारोपण अभियान में जुडने, पौधे लगाने एवं शहर व अपने अपने प्रतिष्ठान के सामने के पौधो की सुरक्षित रखने अपील की गयी है। वे लोग भी इस अभियान में जुडकर वृक्षारोपण कर रहे है। उन्होंने एक वृक्ष अपनी मॉ के नाम अभियान में जुड़े शहर में हरियाली लाने अपनी मॉ के साथ या माता जी की स्मृति में पौधरोपण करने अपील की है।

## अनमोल दावा

*जीवन से बड़ा कोई विद्यालय नहीं कठिनाइयों से बढ़कर कोई परीक्षा नहीं और समय से बड़ा कोई शिक्षक नहीं।*

# बारिश ने किया हर किसी का जीना मुहाल, सब्जियों के दाम छू रहे आसमान

समझना मुश्किल है कि शहरों की नगर पालिकाएं हर वर्ष इस समस्या का सामना करती हैं, फिर भी वे कोई स्थायी समाधान निकालने का प्रयास क्यों नहीं करतीं।

बरसात में जलजमाव और उससे शहरों का अस्त-व्यस्त जीवन अब हर वर्ष का स्थायी दृश्य हो गया है, मगर इसके मद्देनजर सरकार को पूर्व तैयारी करने की जरूरत शायद कभी महसूस नहीं होती। सामान्य से थोड़ा अधिक पानी बरसते ही शहरों की सड़कें लबालब हो जाती हैं, मुहल्ले तालाबों में तब्दील हो जाते हैं। लोगों का दफ्तर, स्कूल, व्यवसाय आदि के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है। खासकर मुंबई के लोगों को हर वर्ष बरसात में ऐसी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। अभी बरसात का मौसम शुरू ही हुआ है और मुंबई में सड़कों पर पानी भर गया, रेल की पटरियां डूब गईं, कई रेलगाड़ियां रद्द करनी पड़ीं, बसें रुक गईं, कई दफ्तरों और स्कूलों में कामकाज बंद करना पड़ गया। यहां तक कि सोमवार को महाराष्ट्र विधानमंडल के दोनों सदनों का कामकाज स्थगित करना पड़ गया।

भारी बारिश की वजह से समंदर में ज्वार उठने के संकेत दे दिए गए। बरसात का असर रोजमर्रा इस्तेमाल होने वाली चीजों पर भी पड़ता है। अक्सर इस मौसम में फलों, सब्जियों के दाम इसलिए आसमान छूने लगते हैं कि माल ढुलाई में बाधा आती है। जिन इलाकों में भारी बरसात होती है, वहां फसलें चौपट हो जातीं और सब्जियों का उत्पादन घट जाता है। दिल्ली में बारिश की वजह से थोक मंडियों में सब्जियां नहीं पहुंच पाने से लोगों को ऊंची कीमत चुकानी पड़ रही है।

हर वर्ष बरसात में जलभराव को लेकर विधानसभाओं में सवाल उठाए जाते हैं, लोग सड़कों पर उतर कर आंदोलन करते देखे जाते हैं। हर बार आश्वासन दिया जाता है कि जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त कर ली जाएगी, मगर स्थिति फिर भी जस की तस बनी रहती है। पिछले वर्ष दिल्ली में बाढ़ आई और यमुना उफन कर लाल किले तक पहुंच गई, तो काफी शोर मचा था। तब दिल्ली सरकार ने कहा था कि हरियाणा ने बिना चेतावनी दिए पानी छोड़ दिया, इसलिए यह समस्या उत्पन्न हुई। इस वर्ष दावा किया गया था कि पिछले वर्ष जैसी समस्या नहीं आएगी। मगर पहली ही बारिश में जिस तरह कई इलाकों में जलजमाव देखा गया, उससे लगता नहीं कि समस्या का समाधान हो गया है। शहरों में जलजमाव की बड़ी वजह बरसात से पहले नालों की समुचित सफाई न होना पाना है। जिन नालों और नालियों की गाद निकाली जाती है, उसे किनारे पर छोड़ दिया जाता है, जो बरसाती पानी के साथ बह कर फिर से नालियों में भर जाता है। कई जगहों पर जलनिकासी का समुचित प्रबंध न किया जाना भी बड़ी वजह है। जिन इलाकों में अनियोजित तरीके से बस्तियां बसा दी गई हैं, वहां जलनिकासी के इंतजाम नहीं किए गए। जो नालियां बनी भी हैं उनकी पर्याप्त क्षमता नहीं है, जिसके चलते सामान्य से जरा भी अधिक पानी बरसता है, तो उसे निकलने में काफी वक्त लग जाता है।

# केपी शर्मा ओली : 14 साल जेल में रहने से लेकर नेपाल के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने तक का सफर

**रमा पराजुली**

केपी शर्मा ओली चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री बन गए हैं.कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) यानी सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष खड्ग प्रसाद (केपी) शर्मा ओली को नेपाल के नए प्रधानमंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया है.


राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ़ से जारी एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार शाम नेपाल के संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के अनुसार, ओली को प्रधानमंत्री नियुक्त किया.ओली ने दो दिन पहले सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से बहुमत का दावा पेश किया था.2015 में 10 महीने, 2018 में 40 महीने और 2021 में तीन महीने, कुल मिलाकर साढ़े चार साल तक ओली नेपाल के प्रधानमंत्री रहे हैं.अलग-अलग कार्यकाल में उनके प्रशंसक और आलोचक बनते आए हैं.

केपी ओली का ज़िक्र आते ही उनके प्रशंसकों के सामने जो मुख्य छवि उभरती है, वह है- एक तेज़तर्रार नेता, जिन्होंने कई बार प्रधानमंत्री बनकर देश का नेतृत्व किया, राष्ट्रवाद का समर्थन करते हैं और दो बार किडनी ट्रांसप्लांट होने के बावजूद सक्रिय राजनीतिक जीवन में हैं.

वहीं ओली के आलोचकों को लगता है कि कुर्सी पर बने रहने के लिए हर तिकड़म अपनाते रहते हैं.ओली की छवि एक ऐसे नेता की भी है कि वह पार्टी से लेकर सरकार पर अपना पूरा नियंत्रण रखते हैं.ओली अपने विरोधियों पर तीखे व्यंग्य करते हैं और राजनीतिक समझौतों को अपने हिसाब से आगे बढ़ाते हैं या उससे बाहर निकल जाते हैं.ओली ने खुद को स्मार्ट लीडर के तौर पर पेश किया है.

पिछले साल उन्होंने नेपाली अख़बार कांतिपुर में एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक था- मैंने अपने दिमाग़ से हार और अपमान को हटा दिया है. इस लेख में ओली लिखते हैं, कभी-कभी अगर मुझसे कोई आगे निकल जाता है तो जब तक वो मुझसे आगे निकलने की ख़ुशी मना रहा होता है, उस वक़्त मैं हमले की तैयारी कर रहा होता हूँ. ये एक मानवीय प्रवृत्ति है. जब मैं गिरता हूं तो तुरंत उठ भी जाता हूँ.

साल 2022 में हुए चुनाव में उनकी पार्टी संसद में बड़ी पार्टी से दूसरे नंबर की पार्टी बन गई लेकिन चुनावी नतीजों के बाद वह सरकार बनाने के खेल में आगे निकल गए.



उस वक़्त प्रचंड को केपी शर्मा ओली की पार्टी का समर्थन मिला था. ओली ने प्रचंड को प्रधानमंत्री और उनके सांसदों को मंत्री बनवाया.

इसके बाद राजनीतिक घटनाक्रम में तेज़ उतार-चढ़ाव देखने को मिले. प्रचंड की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (माओवादी सेंटर) ने राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस नेता रामचंद्र पौडेल का समर्थन किया था, जिसके बाद यूएमएल-माओवादी गठबंधन टूट गया. आख़िरकार कांग्रेस के समर्थन से अब केपी ओली प्रधानमंत्री बन गए हैं. लेकिन कांग्रेस-यूएमएल का ये गठबंधन कितने समय तक चलेगा, इस पर ख़ुद प्रचंड ने भी संदेह जताया है.

विश्वासमत का सामना करने के दौरान प्रचंड ने शुक्रवार को संसद में अपने भाषण में ओली पर कटाक्ष करते हुए कहा, कृपया संसद को ख़त्म न करें.इस व्यंग्य का मक़सद ओली की तरफ़ से दो बार संसद को भंग करने की सिफ़ारिशों को याद दिलाना था.

राजनीतिक विश्लेषक हरि शर्मा कहते हैं, ओली, दुःस्साहसी और साहसी दोनों हैं. कोई दुःस्साहसी हुए बिना संसद को दो बार कैसे भंग कर सकता है? जब ओली ने पहली बार प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफ़ारिश की, उस वक़्त वह प्रधानमंत्री और यूएमएल नेता विद्या भंडारी राष्ट्रपति थीं.दिसंबर 2020 में प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफ़ारिश करने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति विद्या भंडारी ने भी इस पर मुहर लगा दी थी.

विपक्षी दलों ने इस क़दम के ख़िलाफ़ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की. सुप्रीम कोर्ट ने फ़ैसला सुनाया कि भंग करने का फ़ैसला असंवैधानिक था.साल 2021 में एक बार फिर ओली ने प्रतिनिधि सभा को भंग करने की सिफ़ारिश की. फिर से पार्टियों ने रिट दायर करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया. कोर्ट में ओली के क़दम को फिर ग़लत माना गया.वहीं, कलह बढ़ने पर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता झलनाथ खनाल, माधव कुमार नेपाल समेत 21 सांसदों ने पार्टी छोड़ दी.

साथ ही यूएमएल और माओवादियों के बीच अचानक टूट हो गई. इसके बाद नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) तीन हिस्सों में बँट गई, जिसमें एक तरफ़ ओली के नेतृत्व वाली यूएमएल, दूसरी तरफ यूनिफाइड सोशलिस्ट और तीसरी तरफ़ माओवादी थे.

उन घटनाक्रमों की ओर इशारा करते हुए वामपंथियों की एकता को न बचा पाने और लगभग दो-तिहाई बहुमत वाली सरकार को न संभाल पाने के लिए ओली की आलोचना की गई.

भले ही ओली की काफ़ी आलोचना होती आई है लेकिन उनकी राष्ट्रवादी छवि के लिए ख़ास तौर पर उनकी ही पार्टी के नेता बड़े प्रशंसक नज़र आते हैं.माधव कुमार नेपाल जब प्रधानमंत्री थे, उस वक़्त उनके सलाहकार रहे रघुजी पंत कहते हैं, जब भारत ने नाकाबंदी लगाई थी, उस वक़्त केवल केपी ओली और यूएमएल के नेता और कार्यकर्ता ही ऐसे थे, जिन्होंने इसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई थी और इसे खुलकर नाकाबंदी कहा था.वो कहते हैं कि मौजूदा नेताओं में केपी ओली ज़्यादा दमदार नज़र आते हैं. उनका मानना है कि ओली ऐसे नेता हैं जो जिस बात पर आश्वस्त हो जाते हैं, उस बात पर अपना पक्ष रखने से नहीं हिचकिचाते हैं.रघुजी का कहना है, केपी ओली के कार्यकाल में ही नेपाल का नया नक्शा संसद में पारित हुआ था.

ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल की आधिकारिक वेबसाइट पर ओली का परिचय क़रीब 3600 शब्दों में दिया गया है.गर्व से बताया गया है कि कम्युनिस्ट शासन स्थापित करने की कोशिशों में उन्हें क्या-क्या झेलना पड़ा है, अपनी ज़िंदगी के 14 साल उन्हें क़ैद में बिताने पड़े हैं. उन्हें एक क्रांतिकारी और समाजवादी नेता के तौर बताया गया है.लेकिन कुछ ऐसे क़िस्से भी हैं, जो उनकी क्रांतिकारी और समाजवादी छवि को प्रभावित करते हैं.ऐसा ही एक क़िस्सा आठराई (नेपाल का एक इलाक़ा) में हेलिकॉप्टर के ज़रिए केक लाने का है. उस वक़्त की ख़बरों में बताया गया कि ओली के जन्मदिन को मनाने के लिए निजी खर्च पर उनके जन्मस्थान तेहराथुम, आठराई के पास चार लाख रुपये खर्च करके एक हेलिपैड बनाया गया था.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम-205 : श्री राम ने शयन से पूर्व पिता महाराज दशरथ से मिलने का निश्चय किया

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सीता जी भी श्री राम के पीछे-पीछे ध्यान कक्ष में पहुंचीं। श्री राम अपने दोनों हाथों से दीपक की उस बुझती लौ को वायु के वेग से बचाने का प्रयत्न करने लगे। सीता जी के बाएं हाथ में पूजन सामग्री की एक डलिया है। वे जब तक उसमें से तेल निकाल कर दीपक में डालतीं, तब तक एक तेज प्रकाश के साथ वह ज्योति बुझ गई। श्री राम और सीता जी दोनों ही इसे देखकर विचलित हो गए।

''यह क्या आर्य पुत्र? सब सकुशल हो।'' सीता जी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा।

श्री राम ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा, ''चिंता मत करो प्रिये! अकस्मात आए पवन के झोंके से यह दीपक बुझ गया है। तुम इसे फिर दीप्त कर दो।'' सीता जी ने वैसा ही किया।

श्री राम और सीता ने अब निज कक्ष की ओर बढ़ना प्रारंभ किया। दीपक बुझने का दृश्य देखने के बाद श्री राम अपने पिता महाराज दशरथ के दर्शन करना चाहते थे। मार्ग में एक राज कर्मचारी से उन्होंने पूछा, ''पिता महाराज कहां होंगे भद्र पुरुष?''

''प्रणाम युवराज! वे रानी कैकेई के कक्ष में हैं।'' राज कर्मचारी ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया।

श्री राम ने कहा, ''अच्छा! (फिर सीता जी से कहा) तो आओ जानकी, सीधे अपने कक्ष में चलें। पिता महाराज और छोटी माता अभी विश्राम कर रहे होंगे।''

राज कर्मचारी के उत्तर से यह स्पष्ट नहीं होता था कि रानी कोप भवन में हैं और महाराज वहां उनके साथ हैं, अन्यथा श्री राम निज कक्ष के बदले सीता जी को लेकर सीधे वहीं पहुंच जाते।

हो सकता है, मध्य रात्रि को ही ऐसा हो जाने पर भावी घटनाएं कोई दूसरा रूप ले लेती।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत में आदिकवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने साथ ही उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कथा के तारतम्य, क्रमबद्धता एवं प्रवाह हेतु अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -119

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

**ऊपर से नीचे**
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 118 का हल**



## सू- दोकू क्र.119

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.118 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |



## कविता

### हिंसकों को हिंसा में मजा आता है

बानी बोले- गजाधर भाई।
प्रधानमंत्री मोदी जी ने
अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति
डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले को लेकर
इस तरह बड़ी चिन्ता जताई -
मेरे मित्र पूर्व राष्ट्रपति
डोनाल्ड ट्रम्प पर हुए हमले से
मैं बहुत चिन्तित हूं।
इस घटना की कड़ी निन्दा करता हूं।
फिर आगे मोदी जी ने
बड़ी अच्छी बात कही है -
'राजनीति और लोकतंत्र में
हिंसा का कोई स्थान नहीं है।'
गजाधर। इस पर
आप क्या कहते हैं?
गजाधर मुस्कराए बोले - बानी
अपने पीएम मोदीजी तो
अक्सर पते की बात करते हैं।
पर क्या करोगे भैय्या!
हिंसक व उपद्रवी तत्व तो
राजनीति और लोकतंत्र क्या
भगवान के पवित्र स्थल पर भी
ठसके से पहुंच जाते हैं
और फिर उत्पाद मचाते हैं।
इसका कारण बानी! मेरा मन
मुझे यही बताता है
कि उन्हें हिंसक कार्यों में
विध्वंसक कार्यों में
बड़ा मजा आता है।



– गिरीश बख्शी

## कविता

### वफादार

बताकर मुझे कोसते हो,
हर बार कसूरवार मुझे सोचते हो।
तुम्हारी अहमियत ही क्या मेरे सामने,
यूं ही मेरी वफादारी पर शक करते हो।
हर वक्त तुम्हारा साथ दिया है मैंने,
और कुत्ता समझ कर धूत्तकारते हो।
धर्म राज युधिष्ठिर की गाथा सुनोगे,
मैं वफादार, तुम हरपल धोखेबाज हो।



गजेंद्र बख्शी अधिवक्ता
राजनादगांव छ.ग.

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। आज आप किसी नए बिजनेस की शुरुआत कर सकते हैं, जिसका फायदा आपको भविष्य में जरुर मिलेगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी मिलने की पूरी संभावना है। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

**वृषभ**
आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस के सिलसिले में बाहर भी जा सकते हैं। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर भी आ सकते हैं। लवमेट आज आपको सरप्राइज दे सकते है। रात को सबके साथ बाहर डिनर करने भी जा सकते हैं।

**मिथुन**
आज का दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। आपके सारे रुके हुए काम आज पूरे हो सकते है। आज अविवाहित जातकों के लिए विवाह का प्रपोजल भी आ सकता है, जिससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। व्यापार की गति थोड़ी धीमी होगी, लेकिन जल्द ही सब ठीक हो जायेगा। आपके बच्चे आपके व्यापार में पूरा सपोर्ट करेंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य के साथ काम करें। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

**सिंह**
आज का दिन खुशहाल रहने वाला है। आर्किटेक से जुड़े लोगों को आज अच्छा अवसर मिल सकता है। किसी अच्छी जगह आपकी जॉब भी लग सकती है। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। शाम को बच्चों के साथ अच्छा टाइम बीतेगा। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन अच्छा रहने वाला है। संगीत और कला से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। फिल्म इंडस्ट्री से आपको ऑफर भी मिल सकता है। घर में लक्ष्मी के रुप में नए मेहमान के आने की खुशी में छोटी ङ्ग सी पार्टी हो सकती है। आज आपके बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के चांस बन रहे है।

**तुला**
आज का दिन उत्तम रहने वाले है। आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते है। जिससे आज आप कोई नयी क्रिएटिविटी कर सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आपके सिनियर्स आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। साथ ही आपके पड़ोसी भी आपकी तारीफ करेंगे।

**वृश्चिक**
आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको नया सिखने को मिलेगा। आज आप फीजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे करने में आसानी होगी। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**धनु**
आज का दिन ठीक रहने वाला है। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय सही भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ हो सकता है। आज कोर्ट-कचहरी के मामले से दूर रहें तो आपके लिए अच्छा होगा। इस राशि के कर्मचारियों के लिए आज दिन अच्छा है।

**कुंभ**
आज के दिन धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। आज आपकी लधार्मिक यात्रा भी हो सकती है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे। ऑफिस में आज कुछ सहकर्मी आपके काम का विरोध करेंगे तो कुछ सहकर्मी आपके पक्ष में भी रहेंगे। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है।

**मीन**
आज का दिन उत्तम रहने वाला है। अगर आप नौकरी कर रहें तो आज ट्रांसफर किसी अच्छी जगह पर हो सकता है। पारिवारिक कामों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपका समय परिवारवालों के साथ अधिक बितेगा साथ ही कहीं बाहर घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं।

# शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूरी की जाए - उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

बालोद (दावा)। उपमुख्यमंत्री एंव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि केंद्र एंव राज्य सरकार के द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित की जाए। जिससे कि शासन के मंशानुरूप आम जनता को उसका समुचित लाभ सुनिश्चित हो सके। उपमुख्यमंत्री शर्मा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले के अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। श्री शर्मा जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली समीक्षा बैठक लेकर जिले में चल रहे विकास कार्यों एंव जिले के कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डौंडीलोहारा विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती अनिला भेडिया, संजारी बालोद की विधायक श्रीमती संगीत सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू, जनपद पंचायत बालोद की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

बैठक में शर्मा ने जिला अस्पताल बालोद में डॉक्टरों एंव अधिकारी कर्मचारियों के निर्धारित समयावधि में उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु शुरू की गई बायो मेट्रिक व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए इसे पूरे जिले के अस्पतालों में शुरू कराने के निर्देश दिए। बैठक में शर्मा ने राजस्व विभाग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी स्थिति में उनके राजस्व संबंधी परेशानियों का सामना न करना पडे। इसके लिए उन्होंने राजस्व संबंधी समस्याओं का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री ने इस कार्य मे लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध कडी कार्यवाही करने को कहा। बैठक में शर्मा ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने हेतु स्कुलो में जरूरी संसाधनों की उपलब्धता के अलावा शिक्षकों का समय पर एंव नियमित रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कुलों में बच्चो के अध्ययन अध्यापन की समुचित मोनिटरिंग एंव शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय के प्राथमिक शालाओं में सीसीटीवी कैमरा लगाने एंव शिक्षकों तथा कर्मचारियों का बायो मेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कलेक्टर एंव जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा इसकी समुचित मॉनिटरिंग कराने के भी निर्दश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य को 01 माह के भीतर अनिवार्य रूप से पूरा करने हेतु निर्देशित किया। श्री शर्मा ने कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में इस कार्य की समीक्षा करेगें। प्रभारी मंत्री ने जिले के शाला भवनों की स्थिति




**संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक**

समीक्षा करते हुए जर्जर शाला भवनों को डिस्मेंटल किये जाने पर कक्षा संचालित करने हेतु की गई वैकल्पिक व्यवस्था के संबंध में भी जानकारी ली। बैठक में प्रभारी मंत्री शर्मा ने मौजूदा मानसून सीजन के दौरान जिले में खाद बीज की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उन्होंने किसानों को समुचित मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु जरूरी व्यवस्थाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने जिले के किसानों के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग से अलग कर बालोद के लिए पृथक से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की स्थापना प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी मशीन की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करा दी जाएगी। बैठक में श्री शर्मा ने कानून व्यवस्था के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये। श्री शर्मा ने अपने काम के सिलसिले में थाने में आने वाले लोगो के लिए शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक शौचालय के निर्माण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने पुलिस अधीक्षक एस आर भगत को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री शर्मा ने स्वच्छ भारत मिशन की भी समीक्षा की। उन्होंने बालोद जिले को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में अग्रणी इंदौर शहर का निरीक्षण करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद को निर्देशित किया। उन्होंने बालोद शहर को स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में श्री शर्मा ने जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो की भी समीक्षा की। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यो के अन्तर्गत जमीन अधिग्रहण संबन्धी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। श्री शर्मा ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया के कार्यो की समीक्षा करते हुए लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के संम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिले में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जलजीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा सभी घरो में पानी की समूचित आपूर्ति कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को दी। बैठक में श्री शर्मा ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, विद्युत विभाग, सहकारिता, वन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, क्रेडा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मछली पालन विभाग, अमृत सरोवर योजना, आयुष्मान कार्ड के कव्हरेज के साथ आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में इन सभी जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिये।

इस अवसर पर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का जिले के प्रभारी मंत्री बनने के बाद जिले में आयोजित पहली समीक्षा बैठक में उपस्थित होने पर उनका स्वागत एंव अभिनंदन किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नोजे ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जिले की परिचयात्मक जानकारी एंव जिले में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की भी जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकान्त कौशिक, एडिशनल एसपी अशोक जोशी एंव जिले के सभी राजस्व अधिकारी सहित पुलिस अधिकारियो के अलावा जनप्रतिनिधि एंव विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### जनपद सभापति द्वारा कराया गया न्योता भोज का आयोजन



डोंगरगांव (दावा)। ग्राम सुखरी में आज 15 जुलाई को प्राथमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन श्रीमती चन्द्रिका रोहित सोनकर द्वारा किया गया। जिसमें उनके द्वारा खीर, पूरी, सब्जी समेत सम्पूर्ण भोजन बच्चों को अपने हाथो से परोसा गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला सुखरी के प्रधान पाठक सपना भारतद्वाज, शिक्षक गिरिजा साहू, सरस्वती साहू उपस्थित थे। शाला स्टॉफ ने उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शीतला माता की हुई प्राण प्रतिष्ठा



खुज्जी (दावा)। समीपस्थ ग्राम बंदरकटा में ग्राम की अधिष्ठात्री देवी शीतला माता की प्राण प्रतिष्ठा छतीसगढ़ की परंपरा अनुसार गत दिनांक 15 जुलाई को जुड़वास त्योहार मनाकर नव निर्मित मन्दिर में माता की मूर्ति की स्थापना विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया उक्त अवसर पर मन्दिर परिसर में भोजन भंडारा में समस्थ ग्रामवासियों ने शामिल होकर सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। इस दैवीय आयोजन को सफल बनाने में खोरबाहरा साहू, भैया लाल सोनटेके, मुकेश उइके, मधुकर सोनटेके, ग्राम के बइगा राजेन्द्र निषाद, देवार साहू फकीरा पटेल, जीवराखन यादव देवेंद्र साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का योगदान रहा।

### पिनकापार शाला में एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण



हरदी (दावा)। शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया। जामुन, कटहल, नीम व आम के 30 पौधे लगाए गए। शिक्षकों के साथ-साथ, बच्चों को भी पेड़ों की सुरक्षा देने हेतु प्रेरणा दी गई। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी बच्चों ने अपनी भागीदारी निभाई प्रभारी प्राचार्य के.के.साहू ने स्कुली बच्चों को अपने अपने घर में व खेत में फलदार एवं छाया युक्त पेड़ लगाने। अपने पालकों को रिश्तेदारों एवं मित्रों को कम से कम एक पेड़ लगाने प्रेरित करें। वृक्षारोपण कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य कमलेश कुमार साहू, व्यख्याता एसएल कोसरे, एस.देवांगन, एम.देवांगन, आर.साहू, टी.साहू, शिक्षक एच.के. सोनकर, डीके जंघेल, टीएन साहू, ए.के.यारदा, गुलशन कुमार शांडिल्य, ए.के. खोब्रागढ़े, आरआर साहू एवं समस्त स्टॉफगण विशेष रूप से उपस्थित थे।

### राज्य में पांच साल कांग्रेस की सरकार रहते हुए अम्बागढ़ चौकी में नहीं हुआ कोई भी जनकल्याणकारी काम- गुलाब गोस्वामी



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा अम्बागढ़ चौकी मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुवे कहा कि राज्य में पांच साल कांग्रेस सरकार रही एवं नगर में भी कांग्रेस के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष है, फिर भी इन पांच सालों में कोई भी जन कल्याणकारी काम नहीं हुवे, नगर में नाली, सड़क की सफाई न के बराबर हुई, कमीशनखोरी के चलते जिन वार्डो में सड़क थी, उनके ऊपर सड़क निर्माण किया गया, वो भी भ्रष्टाचार के चलते खराब हो गयी, जहाँ सड़क की जरूरत थी, वहां अभी तक सड़क निर्माण नही हुआ, पांच साल जनता के पैसों का दुरुपयोग किया गया, भाजपा राज्य सरकार से मांग करती है, कि नगर पंचायत में हुवे भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

## सड़क डामरीकरण को लेकर घोटिया के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



डोंगरगढ़(दावा)। ग्राम घोटिया के ग्रामीणों ने आज तहसील कार्यालय पहुंचकर सडक डामरीकरण को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खेमलाल वर्मा से मिलकर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया की घोटिया से कोहकटट्टा टोला एवं बरनारा खुर्द डामरीकरण किये जाने को लेकर मांग की गई है

**मांग पूरी नहीं होने पर जन आंदोलन की दो चेतावनी**

ग्रामीणों ने बताया की समस्त ग्रामवासी ग्राम कोहकटट्टा टोला, बरनारा खुर्द ग्राम पंचायत घोटिया के निवासी है। स्कूली बच्चों सहित आम जनों को आवागमन में भारी असुविधा उत्पन्न हो रही है। बरसात के दिनों में स्कूली बच्चों को जंगली रास्ता से 5 किलोमीटर दुरी तय कर घोटिया में आना जाना पड़ता है। आवागमन हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कर उक्त कच्चा सड़क में जीरा गिटट्टी एवं मुरमी डालकर उक्त सड़क का जिर्णोद्वार किया जावें। जिससे आम आदमी एवं स्कूल बच्चो को आने जाने की सुविधा उपलब्ध हो सकें।

उक्त रास्ते के जनहित में चलने वाले वाहन जैसे 112,102 महतारी एक्सप्रेस नहीं आ पाते है जिसके कारण मरीजो को पैदल लाना ले जाना पड़ता है। उपरोक्त गंभीर समस्या का समाधान कर उक्त कच्ची सड़क का जीर्णोद्वार अतिशीघ्र किये जाने की मांग की गई। उक्त कच्ची सड़क का जीर्णोद्वार नहीं किये जाने पर ग्रामवासियों के द्वारा जन आंदोलन करने हेतु बाध्य रंहने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के पूर्व उपसरपंच अनिल सिंहा लालचंद, कुंभलाल, हरिराम, डोमन, सुकलाल, अंजोरी सहित ग्रामवासीगण उपस्थित रहे।

## जागृति उपभोक्ता भंडार अध्यक्ष पद चुनाव में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन निर्वाचित हुए



डोंगरगांव (दावा)। जागृति उपभोक्ता भंडार का चुनाव सोमवार को सम्पन्न हुआ। अध्यक्ष पद के लिए सीधे चुनाव में मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंन्दी प्रमोद जैन को पराजित किया। जानकारी के अनुसार सोमवार को अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष स्वरूपचंद जैन और प्रमोद जैन ने नामांकन दाखिल किया। श्री जैन के पक्ष मे पांच ने मतदान किया। श्री जैन को तीन वोट मिले। उपाध्यक्ष के लिए उषा जैन के एकमात्र परचा दाखिल करने निर्विरोध निर्वाचित हुई। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रतिनिधि के लिए मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता और बद्रीनारायण शुक्ला के बीच मुकाबला हुआ जिसमे श्री गुप्ता पांच वोट हासिल कर निर्वाचित हुए। श्री शुक्ला को तीन मत मिले। जिला सहकारी संघ मर्यादित प्रतिनिधि के लिए प्रदीप रतनाकर ने पर्चा दाखिल किया। अन्य के मैदान मे नहीं होने से वह भी निर्विरोध निर्वाचित हुए। सदस्य प्रबोध जैन, प्रदीप रतनाकर, बद्रीनारायण शुक्ला, टीकाराम राजपूत, प्रमोद जैन, संजय गुप्ता, बहल राम सिन्हा, चंदाबाई साहू, आरबी टेभूरकर चुने गए। इस मौके पर रिटर्निंग अधिकारी एस.एन.चकलादार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी आलोक सिंह, अरुण जैन, नारायण साहू, राजा जैन, बीरेंद्र बोरकर, अखलेश नखत, प्रियंक जैन आदि मौजूद थे।

## अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त : डोंगरगढ़ नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर बने रहेंगे भाजपा के उमा महेश वर्मा, नहीं चली कांग्रेस की चाल



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में नगर पालिका अध्यक्ष पद को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी के बीच 4 महीने से असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। 13 जुलाई को अध्यक्ष सुदेश मेश्राम के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव सामने आया था। जिसमें कांग्रेस ने अपनी जीत दर्ज की थी। इस राजनैतिक दांव पेच में कांग्रेस ने भी नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मतदान किया गया है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने जीत दर्ज की है। बता दें, डोंगरगढ़ विधानसभा में सरकार बदलते ही राजनैतिक उठापठक चालू हो गई थी। 24 वार्डो वाले शहर नगर पालिका चुनाव में 11 कांग्रेस के पार्षद, 10 भारतीय जनता पार्टी और 3 निर्दलीय पार्षदों ने अपनी जीत दर्ज की थी। इधर, एक निर्दलीय पार्षद ने भाजापा में प्रवेश कर लिया था। जिसके बाद दोनों पार्टियों ने 11-11 का समीकरण तैयार कर लिया।

डोंगरगढ़ नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस पार्षद सुदेश मेश्राम के पक्ष में मतदान करके दो निर्दलियों के समर्थन में अपनी सरकार बनाई थी। उमा महेश वर्मा ने निर्दलीय पार्षद को नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष के पद में मतदान किया गया था।

अविश्वास प्रस्ताव का मामला हाईकोर्ट प्रदेश में सरकार बदलते ही 2 निर्दलीय पार्षदों ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थामा, जिसमें से एक निर्दलीय पार्षद नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा भी शामिल थे। नगर पालिका उपाध्यक्ष के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होते ही नगर पालिका शहर सरकार में हलचल मच गई और दोनों राजनैतिक पार्टियों ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये मामला हाई कोर्ट तक जा पहुंचा था। इसके बाद न्यायालय ने दोनों पार्टियों के अविश्वास प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाई और फिर से मतदान की कार्यवाही करन के आदेश दिए थे। कलेक्टर ने कार्यवाही को बढ़ाते हुए 13 जुलाई को अध्यक्ष पद का मतदान कराया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी अविश्वास प्रस्ताव लाने मे असफल रही। वहीं 15 जुलाई को उपाध्यक्ष पद का मतदान करवाया, जिसमें कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव लाने में असफल रहा।

ये सारी दाव पेंच में कांग्रेस को ही हानि देखने को मिली, जब अध्यक्ष पद का मतदान हुआ तब एक कांग्रेस के पार्षद ने क्रॉस वोटिंग करने की बात कही, जिसके आधार पर उपाध्यक्ष पद में 2 कांग्रेस पार्षदों ने कॉर्स वोटिंग की है। इससे ये आकलन किया जा सकता है कि, आगामी चुनाव में कांग्रेस को सरकार बनाने के लिए बहुत ज्यादा मेहनत की जरूरत है। क्योंकि पार्टी समर्पित पार्षदों ने ही अपनी पार्टी के साथ गद्दारी की है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कहा कि, कांग्रेस पार्टी अपने घर को संभाल ले, इनके पार्षदों ने भी हमें सहयोग किया है। आने वाले चुनाव में नगर पालिका परिषद में हमारी सरकार बनेगी और पूरे वार्डो में भारतीय जनता पार्टी के ही पार्षद होंगे। रही बात कांग्रेस की तो नगर पालिका को जो भ्रष्टाचार का गड़ बना रखा था।

नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने कहा कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही अपनी ताकत का उपयोग कर मेरे खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। जिसमें मुझे सभी के सहयोग से जीत हासिल हुई। उसके बाद मैंने उपाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया और उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा की जीत हुई है।

## सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल का वितरण



डोंगरगढ़(दावा)। सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज अध्ययनरत कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी 80 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत मोहारा के सरपंच दीपक पाटिला, ग्राम-पटेल गैदराम ठाकुर, समाजसेवी संतोष वर्मा (संचालन हरि ओम हार्डवेयर, मोहारा), पूर्व माध्यमिक शाला प्रबंधन व विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. कांता प्रसाद वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। छात्राको में कु. एजल महिलांग, कु. हेमा देवरास, कु. भूमिका आनंद, कु गीतिका, कमल, कु. लक्ष्मी साहू व अन्य छात्राओं को साइकिल वितरित किया गया। प्राचार्य, शास. उ. मा. वि. मोहारा, डी. एस चंदन ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं समय पर शाला आने के लिए कहा।

## ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का हुआ शुभारंभ

**0 भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल के मुख्य आतिथ्य में**

**0 मितानिनों व स्व सहायता समूह की महिलाओं को बांटे गये 1 हजार पौधे**



डोंगरगांव (दावा)। अंचल में ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान का आज शुभारंभ हुआ। भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, मधुसूदन यादव, पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला भाजपा अध्यक्ष तथा सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल की उपस्थिति में ब्लॉक भर से आये मितानिनों, स्व सहायता समूह की महिलाओं व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को विभिन्न प्रजाति के लगभग 1 हजार पौधे वितरित किये। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय आव्हान् पर शासन के मंशानुरूप वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों के मिले जुले प्रयास से स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रागंण में ‘एक पेड़ मां के नाम’ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता श्री जामवाल ने कहा कि प्रकृति के पांच तत्व हैं, जल, वायु, पृथ्वी, आकाश व अग्नि। आज इन पांचों तत्वों का संतुलन बिगड़ा है, इस संतुलन को संभालकर रखना है तो इस प्रकृति का जैसे हम संरक्षण करते थे, उस ओर हमें लौटना होगा। श्री जामवाल ने कहा कि प्रकृति जीवनदायिनी धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने और आने वाली पीढ़ियों को अनुकूल वातावरण देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रेरणादायी अभियान ‘एक पेड़ माँ के नाम’ की शुरुआत की है। आज उपस्थित सभी मातांओं -बहनों को एक पौधा भेंट किया जा रहा है। यह पौधा प्रकृति के प्रति हमारी जिमेदारी के साथ ही उससे हमारे अटूट संबंध को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि पौधों से हमें प्राण वायु मिलता है, जो हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। पूर्व सांसद प्रदीप गांधी ने कहा कि पौधरोपण से पर्यावरण में सुधार होगा, वहीं हम चाहें तो फलदार वृक्ष लगातार उसको आजीविका का साधन भी बना सकते हैं। उन्होंने क्षेत्र के प्रसिद्ध खुज्जी आम बगीचा, बेन्दरकटा, जामसरार, रेंगाकठेरा हित आसपास के अनेक ग्रामों का उदाहरण देते हुए कहा कि इसके माध्यम से महिलाएं व महिला समूह आत्मनिर्भर भी बन सकती हैं।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि आज यह बात अति आवश्यक कि बहुतायात में जन समुदाय पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर उक्त पौधों का संरक्षण एवं संवर्धन करें। उन्होंने कहा कि वन है तो जल है,और जल है तो कल है। पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि पेड़ों से न सिर्फ पर्यावरण का संरक्षण होता है, वरन् जल संचय भी होता है। आज दोनों की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं से आव्हान् किया कि जिस प्रकार हम अपने बच्चे का ध्यान रखते हैं, उसको बढ़ाते हैं, उसी प्रकार अपने लगाये हुए पेड़ की भी देखभाल करें, ताकि वह पल्लवित व पुष्पित होकर अपने चारों ओर हरियाली फैला सकें। तत्पश्चात् उपस्थित मितानिनों, समूह की महिलाओं व जनप्रतिनिधियों को अतिथियों के माध्यम से विभिन्न प्रजाति के पौधों का वितरण किया गया। पश्चात् श्री जामवाल ने अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ मंडी परिसर में वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार गुप्ता ने तथा आभार बालकृष्ण सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिपं सदस्य जागृति यदु, वन विभाग के डिप्टी रेंजर मुकेश दुबे, मुक्तेश्वर वर्मा, परिसर रक्षक दिलीप देवांगन, अन्नपूर्णा साहू, विजय लक्ष्मी तारम, भारती साहू, अंजू त्रिपाठी, सरिता ढीमर, निर्मला सिन्हा, संतोष यादव, सिद्धिक बड़गुजर, गुलशन हिरवानी, कोमल साहू, किशोर यादव, योगेश पटेल, लक्ष्मीनारायण सेन, राजू गिरी, नसीब रात्रे, मितानिन प्रेरक गीता वैष्णव, नीलिमा सिन्हा, जुगन साहू, मानकी पटेल, हेमलता भारती, मधु भार्गव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक के लिए 23 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के विभिन्न विषयों के प्राध्यापकों एवं सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों के विरूद्ध अध्यापन व्यवस्था के लिए योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गए हैं। आवेदक अपने सभी प्रमाणपत्रों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन 23 जुलाई को शाम 5 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। इस संबंध में संस्था के नोटिस बोर्ड तथा महाविद्यालय की वेबसाइड में अपलोड किया गया है, जिससे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# पहला कॉलम...

## सुप्रीम कोट ने हिंडनबर्ग मामले में आई याचिका हुई खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अडानी ग्रुप पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी के संबंध में लगे आरोपों की जांच का जिम्मा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो या विशेष जांच दल को सौंपने से इनकार करने के अपने तीन जनवरी के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने तीन जनवरी के फैसले के खिलाफ जनहित याचिका दायर करने वालों में शामिल अनामिका जायसवाल की तरफ से दायर समीक्षा याचिका को खारिज कर दिया। पीठ ने पांच मई के अपने आदेश में कहा, समीक्षा याचिका पर गौर करने के बाद रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है। उच्चतम न्यायालय नियम 2013 के आदेश 47 नियम एक के तहत समीक्षा का कोई मामला नहीं बनता है। लिहाजा समीक्षा याचिका खारिज की जाती है।ज्ज् इस याचिका पर न्यायाधीशों ने चैंबर में विचार किया। इसके पहले इस साल तीन जनवरी को शीर्ष अदालत ने शेयर कीमतों में हेराफेरी के आरोपों की सीबीआई या एसआईटी से जांच कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) आरोपों की च्व्यापक जांचज् कर रहा है और इसका आचरण भरोसा जगाता है।

## शेयर बाजार में आयी उछाल

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार आज हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुआ है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक सेंसेक्स आज 0.18 फीसदी या 145 अंक की बढ़त के साथ 80,664 पर बंद हुआ। सेंसेक्स आज अधिकतम 80,862 अंक तक गया। सेंसेक्स ने 12 जुलाई को 80,893 अंक का नया ऑल टाइम हाई बनाया था। बाजार बंद होते समय सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 शेयर हरे निशान पर और 13 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी आज 0.35 फीसदी या 84 अंक की बढ़त के साथ 24,586 पर बंद हुआ। बाजार बंद होते समय निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 शेयर हरे निशान पर, 15 शेयर लाल निशान पर और 1 शेयर बिना किसी बदलाव के साथ था। निफ्टी पैक के शेयरों में आज सबसे अधिक तेजी ओएनजीसी में 5.18 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा, एसबीआई लाइफ में 2.95 फीसदी, श्रीराम फाइनेंस में 2.88 फीसदी, एसबीआई में 2.71 फीसदी और बजाज-ऑटो में 2.58 फीसदी दर्ज हुई। इससे इतर एलटीआई माइंड्री में 1.63 फीसदी, एशियन पेंट में 1.34 फीसदी, ग्रेसिम में 1.33 फीसदी, टाटा स्टील में 0.94 फीसदी और एक्सिस बैंक में 0.67 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## अमेरिकन कंपनी ने बनाई कटरीना कैफ लुक की बार्बी डॉल

नई दिल्ली। बॉलीवुड की चमचमाती दुनिया में जब भी सफल अभिनेत्रियों का जिक्र होता है, कटरीना कैफ का नाम सबसे पहले आता है। अपनी खूबसूरती, मेहनत और अदाकारी के दम पर उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में एक खास मुकाम हासिल किया है। 16 जुलाई 2024 को कटरीना अपना 41वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। बॉलीवुड में कटरीना कैफ का सफर बेहद शानदार रहा है। कटरीना कैफ ने अपने करियर में कई सम्मान अपने नाम किए हैं, लेकिन इनमें एक ऐसी अचीवमेंट शामिल है, जो उन्हें बाकी सभी एक्ट्रेसेस से अलग बनाती है। कटरीना के इस खास दिन पर जानते हैं उनके इस सम्मान के बारे में, जो भारत में अब तक सिर्फ उन्हें हासिल हुआ है।कटरीना कैफ सिर्फ बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस ही नहीं, बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं।

## मनीष सिसोदिया की हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ाई

नई दिल्ली। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी है। सीबीआई और ईडी की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है।

# अर्जेंटीना ने रिकॉर्ड 16वीं बार जीता कोपा अमेरिका कप



मियामी। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में टूर्नामेंट के फाइनल में कोलंबिया पर 1-0 की जीत के साथ अर्जेंटीना ने अपनी कोपा अमेरिका ट्रॉफी का सफलतापूर्वक बचाव किया। अर्जेंटीना 16 बार इस खिताब पर कब्जा जमाने में कामयाब हुआ और उसकी यह लगातार चौथी जीत है।

मैच के दौरान अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी के टखने में चोट लगने के कारण उन्हें मैच के दूसरे हाफ में बाहर होना पड़ा। दर्द और फाइनल मैच का जुड़ाव इतना था कि मेसी जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो उनके आंखों में आंसू थे।

निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें एक भी गोल नहीं कर सकी। इसके बाद स्टॉपेज टाइम में भी मुकाबला गोल रहित रहा, लेकिन सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी के तौर पर उतरे मार्टिनेज ने अतिरिक्त समय में गोल दाग कर टीम को बढ़त दिलाई जो अंत तक बरकरार रही। मार्टिनेज का यह टूर्नामेंट का पांचवां गोल था और वह गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे रहे। यह अर्जेंटीना की लगातार तीसरी मेजर टूर्नामेंट ट्रॉफी थी (2021 कोपा अमेरिका, 2022 फीफा विश्व कप) जिससे यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली दक्षिण अमेरिकी टीम बन गई। अर्जेंटीना के लिए यह एक विशेष जीत थी, उसकी टीम के दिग्गज एंजेल डि मारिया अब आधिकारिक तौर पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से सेवानिवृत्त हो चुके हैं और एक यादगार विदाई मिलने से बहुत खुश हैं। मैच के बाद के भावुक डि मारिया ने कहा, मैंने इसका सपना देखा था, मैंने देखा था कि मैं इस तरह से सेवानिवृत्त होऊंगा। मेरे पास बहुत सारी खूबसूरत यादें हैं। मैं इस पीढ़ी का हमेशा आभारी रहूंगा जिसने मुझे वह हासिल कराया जिसकी मुझे इतनी चाहत थी।

लियोनेल मेसी ने एक बड़े रिकॉर्ड की ओर एक और कदम बढ़ाया, यह उनका 45वां टीम सम्मान था जिसने उन्हें फुटबॉल में सबसे दिग्गज खिलाड़ी बना दिया। विश्व चैंपियन पूरे टूर्नामेंट में हावी रहे। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में ईक्वाडोर को हराने से पहले ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। फिर, इस टीम ने सेमीफाइनल में कनाडा को हराया और फाइनल में पहुंचने से पहले 28 मैचों से अपराजित रही कोलंबियाई टीम को हराया।

## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने करार की समय सीमा तीन साल से एक साल की

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने केंद्रीय अनुबंध को लेकर बड़ा फैसला लिया है। बोर्ड ने करार की समय सीमा तीन साल से घटाकर एक साल करने का फैसला किया है। हालांकि, खिलाड़ियों के वेतन में किसी तरह की कोई कटौती नहीं होगी। लाहौर में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन अकवी द्वारा बुलाई गई बैठक में यह निर्णय लिया गया।

इस बैठक में पाकिस्तान के टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी, सीमित ओवरों के कोच गैरी कर्स्टन, चयनकर्ता मोहम्मद यूसुफ और असद शाफिक, सहायक कोच अजहर महमूद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बोर्ड ने कहा कि टी20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम के लचर प्रदर्शन के बाद वह अपनी नीतियों में थोड़े बदलाव करने का इरादा रखता है। भारत और अमेरिका के खिलाफ शिकस्त के साथ पाकिस्तान टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाने में नाकाम रहा था। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, ÷चयनकर्ताओं ने केंद्रीय अनुबंध के वित्तीय हिस्से में कोई बदलाव नहीं करने की सिफारिश की है लेकिन अब अनुबंध संशोधित होकर 12 महीने का होगा जिसमें प्रत्येक 12 महीने में खिलाड़ियों की फिटनेस, बर्ताव और फॉर्म का आकलन किया जाएगा।

पिछले साल पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष जका अशरफ की खिलाड़ियों के साथ सहमति बनी थी जिसके तहत केंद्रीय अनुबंध के नियमों और वित्तीय पहलू में तीन साल तक कोई बदलाव नहीं करने की गारंटी दी गई थी। अधिकारी ने कहा कि पीसीबी ने सभी केंद्रीय और घरेलू अनुबंधित खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक तीन महीने में फिटनेस परीक्षण अनिवार्य कर दिया है।

## स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराया और चौथी बार जीता यूरो खिताब

बर्लिन। सब्स्टीट्यूट मिकेल ओयारज़ाबल ने समय से चार मिनट पहले गोल करके स्पेन को रविवार को इंग्लैंड पर 2-1 की यूरो 2024 की जीत और रिकॉर्ड चौथी बार यूरोपीय खिताब दिलाया, जबकि गैरेथ साउथगेट की टीम लगातार दूसरे फाइनल में हार गई।



ओयारज़ाबल ने मार्क कुकुरेला के साथ मिलकर विजयी गोल के लिए तेजी से जवाबी हमला किया, जिससे स्पेन को चैंपियन का ताज पहनाया गया, जिसने टूर्नामेंट में खेले गए सभी सात मैच जीते थे। पहला हाफ दोनों टीमों के प्रयासों के बावजूद गोलरहित रहा। मैच के तीनों गोल दूसरे हाफ में हुए। बेहद सतर्क पहले हाफ के बाद जहां स्पेन के पास अधिक कब्ज़ा था और उनके विरोधियों को लक्ष्य पर एकमात्र शॉट मिला। दूसरे हाफ में खेल फिर से शुरू होने के बाद स्पेनियों को गतिरोध तोड़ने में केवल दो मिनट लगे। किशोर लेमिन यामल को दाहिनी ओर जगह मिली और साथी विंगर निको विलियम्स को क्रॉस दिया जिन्होंने गोल दागने में कोई गलती नहीं की जिससे इंग्लैंड लगातार चौथे मैच में पिछड़ गया।

इसके बाद स्पेन ने कई हमलों के साथ इंग्लैंड की पहले से ही मजबूत रक्षा पंक्ति को तोड़ दिया। इंग्लैंड के बॉस गैरेथ साउथगेट ने एक घंटे के बाद अप्रभावी हैरी केन के स्थान पर सेमीफाइनल के गोलस्कोरिंग स्थानापन्न नायक ओली वॉटकिंस को भेजकर प्रतिक्रिया व्यक्त की, पिछले महीने के उनके सबसे रचनात्मक खिलाड़ी कोल पामर 10 मिनट बाद उनके साथ शामिल हो गए। इसका फ़ायदा लगभग तुरंत ही मिला जब जूड बेलिंगहैम ने गेंद को वापस पामर के रास्ते में डाल दिया और स्थानापन्न खिलाड़ी ने 73वें मिनट में 20 मीटर का एक सटीक शॉट लगाकर बराबरी का गोल दाग दिया। इंग्लैंड के प्रशंसकों की भीड़, जिनकी संख्या उनके प्रतिद्वंद्वियों से काफी अधिक थी, में विस्फोट हो गया और रात का पूरा माहौल बदल गया।

## 2 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान, विश्व विजेता कप्तान को ही कर दिया बाहर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया को अब इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के साथ वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। जिसको लेकर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट ने टीम का ऐलान कर दिया है। टीम का स्क्वॉड सामने आने के बाद फैंस हैरान रह गए, क्योंकि दोनों सीरीज के लिए विश्व विजेता कप्तान को टीम में शामिल नहीं किया गया है। ऑस्ट्रेलिया को स्कॉटलैंड के साथ तीन मैचों की टी20 सीरीज और इंग्लैंड के साथ 5 वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है।



पैट कमिंस को बाहर रखने को लेकर ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट की तरफ से कहा गया कि अगले साल होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और कार्यभार के चलते उनको इस दोनों सीरीज के लिए आराम दिया गया है। टी20 विश्व कप 2024 में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करने वाले मिचेल मार्श ही इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के साथ होने वाली सीरीज में टीम की कप्तानी करते हुए दिखाई देंगे। पैंट कमिंस के अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को भी बाहर रखा गया है। आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए धमाल मचाने वाले जेक फ्रेजर-मैकगर्क को भी टीम में शामिल किया गया है। जेक फ्रेजर-मैकगर्क को पहली बार ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम में जगह मिली है। टीम का ऐलान करते हुए मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बैली ने बताया कि इस सीरीज में डेविड वॉर्नर और मैथ्यू वैड नहीं खेलेंगे, ऐसे में इन दोनों सीनियर खिलाड़ी की अनुपस्थिति में युवा खिलाड़ियों को लाने का अच्छा मौका है। मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, कैमरून ग्रीन, टिम डेविड, जोश हेजलवुड, आरोन हार्डी, आरोन हार्डी, एडम जाम्पा, स्पेंसर जॉनसन, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंग्लिस। मिचेल मार्श (कप्तान), ट्रेविस हेड, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, एलेक्स कैरी, मार्नस लाबुशेन, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरून ग्रीन, मार्नस लाबुशेन, सीन एबॉट, नाथन एलिस, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, जोश इंग्लिस, एडम जाम्पा, मैथ्यू शॉर्ट, मिचेल स्टार्क।

## रोहित शर्मा को फिर कप्तान बना सकती है मुंबई इंडियंस

नईदिल्ली। आईपीएल 2025 के लिए मेगा ऑक्शन होना है, तो जाहिर है कि सभी टीमों में आपको बड़े-बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे.



मुंबई इंडियंस की बात करें, तो फ्रेंचाइजी ने पिछले सीजन रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पांड्या को टीम की कमान सौंपी थी. लेकिन, अब माहौल कुछ बदल चुका है. ऐसे में क्रिकेट के गलियारों में चर्चा है कि क्या मुंबई की टीम एक बार फिर हिटमैन को अपना कप्तान बना सकती है? आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस ने हर किसी को हैरान करते हुए रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक को नया कैप्टन बनाया था.

लेकिन हार्दिक की कप्तानी में मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा. टीम ने खेले गए 14 मैचों में से सिर्फ 4 मैच जीत सकी और 10 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा. इस तरह टीम प्वॉइंट्स टेबल में सबसे आखिरी यानि 10वें स्थान पर रही. हार्दिक को जब मुंबई की कप्तानी मिली, तभी से रिपोर्ट्स के हवाले से खबरें आने लगीं कि रोहित अपकमिंग सीजन में मुंबई से अलग हो सकते हैं.

## पेरिस ओलिंपिक के लिए सरकार ने एथलीटों को दिया करोड़ों का फंड

नई दिल्ली। सिर्फ एक ओलिंपिक पदक किसी खेल को बढ़ावा देने के लिए काफी है और अगर यह स्वर्ण पदक हो तो फिर सोने पर सुहागा है। तीन साल पहले टोक्यो खेलों में भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद भारत में इस ओलंपिक चक्र में ट्रैक एवं फील्ड के खिलाड़ियों को सरकारी कोष में सबसे बड़ा हिस्सा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के मिशन ओलिंपिक सेल (एमओसी) के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरकार ने एथलेटिक्स पर 96 करोड़ आठ लाख रुपये खर्च किए।

## टेनिस पर अब कार्लोस अल्कराज का होगा राज?

लंदन। विम्बल्डन की ग्रास कोर्ट पर स्पेन के कार्लोस अल्कराज अपना खिताब डिफेंड करने में कामयाब रहे। महज 21 साल की उम्र में अल्कराज के आंकड़े और उपलब्धियां देखेंगे तो टेनिस पर अल्कराज के राज का विस्तार होता साफ नजर आएगा। सिर्फ 21 की उम्र में अल्कराज के पिटारे में इतने खिताब आ गए हैं, जो बड़े-बड़े टेनिस सुपरस्टार पूरे करियर में नहीं जीत सके हैं।



कोर्ट पर चीते सी फुर्ती रखने वाले कार्लोस अल्कराज ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया। 21 साल के स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच को रविवार को खेले गए विंबलडन फाइनल में मात देकर दूसरी बार खिताब जीत लिया। कोर्ट पर जिस तरीके से कार्लोस अल्कराज विरोधी खिलाड़ियों की हर चाल, हर रणनीति का तोड़ निकालते हैं, उसका जवाब दिग्गज खिलाड़ियों के पास भी नहीं होगा। लगातार दो विंबलडन फाइनल में नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज को मात देना अपने आप में ही उनकी काबिलियत को दर्शाता है। विंबलडन में पिछले साल फाइनल में भी नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्कराज आमने-सामने थे। लगभग 5 घंटे तक चले रोमांचक मुकाबले में आखिरकार बाजी अल्कराज के हाथ लगी थी। इस बार भी अल्कराज ने पिछले विंबलडन के फाइनल का नतीजा दोहराते हुए जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से मात दी। यह अल्कराज के करियर का चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब है। इससे पहले कार्लोस अल्कराज ने 2022 में यूएस ओपन जीता था।

***पिछले 10 सालों में 30 गुना से...***

आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि डीपीएसयू/पीएसयू और निजी क्षेत्र दोनों ने रक्षा उत्पादन में लगातार वृद्धि दर्ज की है। भारत के रक्षा उत्पादों के निर्यात में मिसाइलें, रडार, नौसेना प्रणाली, हेलीकॉप्टर और निगरानी उपकरण शामिल हैं। भारत ने उन्नत नौसैनिक प्रणालियों के स्वदेशी उत्पादन में पर्याप्त प्रगति की है, जो निर्यात बाजार की भी पूर्ति करती है। आईएनएस विक्रांत विमानवाहक पोत जैसे उन्नत प्लेटफार्म इस क्षेत्र में हमारी उपलब्धि को उजागर कर रहे हैं।

***सुप्रीम कोर्ट ने नीट पर हाई कोर्ट में....***

शीर्ष अदालत वर्तमान में देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य कुछ संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा था कि आईआईटी मद्रास के संबंधित विशेषज्ञों द्वारा नीट के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

***सीजीपीएससी मामले की जांच को लेकर ...***

इसके लिए लोगों ने जांच की मांग की थी. डॉ. सिंह ने कहा कि इस उच्च स्तरीय जांच से छत्तीसगढ़ के सभी युवाओं के मन की शंका दूर होगी. एक नया रास्ता बनेगा ताकि इस तरीके का करप्शन देश में कहीं न हो, छत्तीसगढ़ में तो इस तरह का करप्शन होना भी नहीं चाहिए.

***सरकार ने 21 जुलाई को बुलाई सर्वदलीय बैठक...***

तब तक के लिए अंतरिम बजट के जरिए खर्चों का प्रावधान किया जाता है। चूंकि वित्तीय वर्ष 31 मार्च को समाप्त हुआ और जून की शुरुआत में एक नई सरकार ने पदभार संभाला इसलिए इस अवधि के खर्चों के संचालन के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2024 अंतरिम बजट पेश किया था। इस बजट से यह सुनिश्चित किया गया कि उक्त अविधि में वित्तीय संचालन सुचारू रूप से जारी रहे। अब जब नई सरकार का गठन हो गया है, तो शेष वित्तीय वर्ष के लिए एक व्यापक बजट जुलाई में पेश किया जाएगा। राजकोषीय घाटा क्या है?- राजकोषीय घाटा, एक वित्तीय वर्ष के भीतर सरकार के कुल राजस्व और उसके कुल व्यय के बीच के अंतर का प्रतिनिधित्व करता है। यह घाटा इस बात पर प्रकाश डालता है कि सरकार का खर्च उसकी कमाई से कितना अधिक है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कुल राजस्व की गणना करते समय, उधार को बाहर रखा जाता है।

***सीजीपीएससी के पूर्व अध्यक्ष और...***

समेत अन्य ने कथित रूप से अपने पदों का दुरुपयोग करके अपने

## प्रथम पेज का शेष ....

बेटों, बेटियों, रिश्तेदारों और परिचितों को 2020-2022 के दौरान राज्य सरकार के विभिन्न पदों के लिए नियुक्त किया। जो कथित रूप से अयोग्य थे। 0 चैयरमैन ने परिवार के लोगों को दी थी नियुक्ति- आरोप है कि तत्कालीन चेयरमैन के बेटे को डिप्टी कलेक्टर के रूप में, उनके बड़े भाई के बेटे को डिप्टी एसपी के रूप में और उनकी बहन की बेटी को लेबर अफसर के रूप में नियुक्त किया गया। जबकि उनके बेटे की पत्नी को डिप्टी कलेक्टर के रूप में और उनके भाई की बहू को डिस्ट्रिक्ट एक्साइज अफसर के रूप में नियुक्त किया गया था। आरोपों के अनुसार, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के तत्कालीन सचिव ने अपने बेटे को डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्ति दिलाई थी।

0 कई स्थानों पर हुई छापेमारी- इसके अलावा, छत्तीसगढ़ सरकार के तत्कालीन वरिष्ठ अधिकारियों, राजनीतिक नेताओं और पदाधिकारियों के बेटों, बेटियों और रिश्तेदारों को भी डिप्टी कलेक्टर और डिप्टी एसपी जैसे पदों पर नियुक्त किया गया था। इस मामले में सीबीआई ने तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव, सीजीपीएससी के घरों और परीक्षा नियंत्रक, सीजीपीएससी के रायपुर और भिलाई स्थित ऑफिसों पर छापेमारी की।

***शराब घोटाला : नकली होलोग्राम मामले....***

जिसके माध्यम से डुप्लीकेट होलोग्राम के सीरियल नंबरों की छपाई की गई थी उसे विधिवत वीडियोग्राफी कराकर जब्त कर लिया गया है।

नोएडा से छपकर आता था नकली होलोग्राम- वहीं यह भी पता चला है कि, प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय से डुप्लीकेट होलोग्राम छपवा कर रायपुर तक लाने के लिए उपयोग में आने वाले दस्तावेज, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या और अन्य विवरण होते थे, आरोपी दिलीप पांडे की निशानदेही पर उसे भी बरामद कराया गया है। इन दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है। प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक का नाम सामने आया- पता चला है कि, पूछताछ में दिलीप पांडेय ने बताया है कि, सिण्डीकेट के मुख्य आरोपी - अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरूणपति त्रिपाठी की संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता ने 2019 से 2022 के बीच तक फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराये थे।

***दिल्ली में मोदी-सोरेन और मुंबई में ...***

चर्चा की और राज्य के लिए सहयोग मांगा होगा. हालांकि मुलाकात के दौरान क्या बात हुई इसका पता अभी नहीं चल पाया है. सोरेन ने पीएम मोगी से मिलने के बाद राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से भी मुलाकात की. मुंबई में हुई एक मुलाकात- वहीं मुंबई में एनसीपी (शरदचंद्र पवार) से एनसीपी नेता छगन भुजबल ने मुलाकात की. राज्य में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे हैं. हालांकि भुजबल ने कहा कि यह मुलाकात आरक्षण को लेकर थी. भुजबल ने मीडिया से कहा, महाराष्ट्र में स्थिति बहुत खराब है. मराठा, ओबीसी के दुकान में नहीं जा रहे हैं. मैंने उनसे कहा कि आप राज्य के बड़े नेता हैं, आपको इसमें आगे आकर रास्ता निकालना चाहिए. झगड़े को खत्म करना होगा. उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर वो राहुल गांधी से भी बात करने को तैयार हैं. शरद पवार से मुलाकात पर भुजबल की इस मुलाकात को महाराष्ट्र की राजनीति के लिए एक बड़े संकेत के रूप में देखा जा रहा है. पवार से मिलने से एक दिन पहले ही भुजबल ने उनके गढ़ बारामती में उनपर जमकर हमला बोला था. उन्होंने कहा था कि मराठा आरक्षण पर हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी महाविकास अघाड़ी के नेता बारामति से आए एक टेलीफोन की वजह से शामिल नहीं हुए थे. उनका इशारा पवार की तरफ था.

भुजबल आरक्षण को लेकर काफी सजग रहते हैं. मराठा आरक्षण की मांग के जोर पकड़ने पर भुजबल ने कहा था कि वो नहीं चाहते कि मराठाओं को ओबीसी कोटे से आरक्षण दिया जाए. उनका कहना है कि वो मराठा आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं. इसको लेकर उन्होंने ओबीसी एल्गार रैलियों का आयोजन किया था.

***शराब घोटाला : मेरठ कोर्ट ने...***

नकली होलोग्राम मामले में 15 जुलाई को तीनों आरोपियों को एक साथ कोर्ट में पेश करने की तैयारी है। जानकारों की मानें तो कोर्ट में सुनवाई के बाद टुटेजा को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा सकता है। वहीं एपी और अनवर की भी ज्यूडिशियल रिमांड बढ़ सकती है। तीनों से एक साथ हुई पूछताछ - बीते दिनों यूपी एसटीएफ ने अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी से पूछताछ की थी। जिसमें एपी त्रिपाठी ने कई महत्वपूर्ण खुलासे किए थे। अब यूपी एसटीएफ की टीम तीनों आरोपियों को पुलिस रिमांड में लेने की कोशिश करेगी। जानकारों का कहना है कि, इन तीनों आरोपियों को एक साथ बैठकर पूछताछ की जाएगी। 12 दिन पहले यूपी एसटीएफ ने कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया गया था। उसी दिन ढेबर को शराब घोटाले में जमानत मिली थी। इसके बाद से ही ढेबर और निलंबित एमडी एपी त्रिपाठी यूपी एसटीएफ की कस्टडी में हैं।

बेनिफिशियरी थीं डिस्टलरी कंपनियां- इससे पहले यूपी एसटीएफ की पूछताछ में दोनों ने बताया है कि, इस घोटाले की सबसे बड़ी बेनिफिशियरी डिस्टलरी कंपनियां (शराब निर्माता कंपनियां) थीं। इनमें भाटिया वाइन एंड मर्चेंट प्राइवेट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज और वेलकम डिस्टलरीज शामिल हैं। दोनों आरोपियों ने यह भी बताया है कि, नोएडा स्थित विधु की कंपनी मेसर्स प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड को होलोग्राम बनाने का टेंडर मिला था। उसी से डुप्लीकेट होलोग्राम बनाकर इन तीनों डिस्टलीरज को भेजा जाता था। वहां से अवैध शराब पर इन होलोग्राम को लगाया जाता था।

***सीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एक्शन में...***

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार, राज्य सरकार ने जनता से अपील की है कि मलेरिया के लक्षण दिखने पर तुरंत निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं और समय पर उपचार करवाएं। मलेरिया के मामलों में आई यह कमी सरकार की सतर्कता और जनता की जागरूकता का परिणाम है। छत्तीसगढ़ सरकार के निरंतर प्रयास और जनसहभागिता के कारण मलेरिया पर नियंत्रण पाने में राज्य ने महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो आने वाले समय में इस बीमारी के उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा कदम है।

***नियम-कायदे सख्त : कंफर्म टिकट ...***

सुधार किया जा रहा है ताकि वहीं यात्री सफर कर सके जिन्होंने पहले से आरक्षित बर्थ वाला कन्फर्म टिकट की बुकिंग की है। शनिवार को पटना से नई दिल्ली आने वाली मगध एक्सप्रेस में इस तरह का मामला भी सामने आया। वेटिंग टिकट पर स्लीपर कोच में सवार यात्रियों को कोच से बाहर किया गया। साथ में उनसे 250 रुपये के करीब जुर्माना वसूला गया। जिनके पास वेटिंग टिकट नहीं था, उनसे 750 रुपया जुर्माना किया गया। मगध एक्सप्रेस से स्लीपर कोच संख्या-6 में सवार होकर नई दिल्ली स्टेशन पहुंचे यात्रियों का कहना था कि रेलवे पहले वेटिंग टिकट वालों को आरक्षित कोच से उतरने को मजबूर नहीं करता था। लेकिन अब सख्ती है। वेटिंग टिकट वाले यात्रियों से 250 रुपये जुर्माना भी वसूला गया और उतरने के लिए भी मजबूर किया गया। अब केवल कन्फर्म टिकट वालों को ही स्लीपर कोच में भी यात्रा करने की इजाजत है।

नियम को लागू करने में स्टाफ की कमी आएगी आड़े- रेलवे अपने सभी विभागों में स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। टीटीई के साथ ही आरपीएफ के भी कई पद खाली है। एक ही टीटीई कई कोच का निरीक्षण करता है। ऐसे में इस नियम को सभी ट्रेनों में सख्ती से पालन कराना फिलहाल मुश्किल हो रहा है। रेलवे सूत्रों की माने तो एक टीटीई पर कई कोच का निरीक्षण करने की जिम्मेदारी होती है। रेलवे पुलिस की कमी ट्रेनों में होती है। ऐसे में इस नियम को पालन कराने में परेशानी होती है। शरारती तत्वों से भी डर बना रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कत पूर्वांचल दिशा की तरफ आने-जाने वाली ट्रेन में होना तय है। खासकर दुर्गापूजा, दिवाली और छठ पर्व के दौरान। क्योंकि इन दिनों भीड़ अधिक होती है।

# शारीरिक एवं मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़ (दावा)। लोधी भवन लाराबन खैरागढ़ में अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ द्वारा जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 2024 बोर्ड की 10वीं और 12वीं में सफल सैकड़ों मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर विद्यार्थी काफी उत्साहित दिखे।

साथ ही वर्ष 2023-24 में नवनियुक्त एवं सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी, नवोदय जाग्रति का संचालन कर्ता, खेल कुद संस्कृति कला में विशेष योगदान प्राप्त प्रतिभावों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान कर बच्चों द्वारा संस्कृत कार्यक्रम किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु लोधी ने सभी सम्मानित किए गए मेधावी विद्यार्थियों, नवनियुक्त एवं सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारी, नवोदय जाग्रति के संचालन कर्ता, खेल कुद संस्कृति कला में विशेष योगदान प्राप्त प्रतिभावों एवं कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजनकर्ता अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) के समस्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा मुकाम हासिल करने के लिए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का हौसला बढ़ता है।



मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

विष्णु लोधी ने कहा सबसे बड़ी बात बच्चों ने मेहनत की। इसके लिए आप सभी लक्की हैं। बच्चों की इस जर्नी में सबसे अहम भूमिका अभिभावकों की रही। साथ ही बच्चों के पढ़ने में शिक्षकों का भी बहुत बड़ा योगदान है। उन सभी शिक्षकों के लिए भी सम्मान का अवसर है, जिनके विद्यार्थियों ने बेहतर किये और लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ (आलोक) के इस मंच में आकर सम्मानित हो रहे हैं। बच्चे सीबीएसइ, आइसीएसइ व जैक बोर्ड से पढ़कर बेहतर कर रहे हैं, लेकिन सबका लक्ष्य एक ही है। बच्चों ने अभी पहली सीढ़ी चढ़ी है। आगे का सफर बाकी है। लड़कियां भी किसी से कम नहीं हैं। आज के दौर में लड़कियां सफलता अर्जित कर आत्मनिर्भर बन रही हैं। ऐसे में किसी से अपेक्षा किये बिना सभी लड़कियां आत्मनिर्भर बने। शारीरिक, मानसिक रूप से ताकतवर बनने के लिए शिक्षित होना जरूरी है। जब तक सफलता नहीं मिल जाती, तब तक सभी प्रयास करते रहें. मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती। सफलता उनके कदम चूमेगी। चाह है तो राह है। विश्वास की निव पर उम्मीद की मंजिल।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु लोधी, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, अलोक प्रदेश अध्यक्ष अशोक वर्मा, प्रकार वर्मा, बालमुकुंद वर्मा, डेरा मसखरे, लाला जंघेल, गैंद वर्मा, भगवती वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, अजेन दशरिया, मूल चंद वर्मा, शिव वर्मा, हीरेंद्र नागपुर, भागबली वर्मा, दिलीप वर्मा, संतोष वर्मा, हेम वर्मा, महेंद्र वर्मा, लोकेश जंघेल, भुनेश्वर वर्मा, सुरेश चंदेल, धनेश वर्मा, बालकृष्ण वर्मा, दुलेश वर्मा बाला जंघेल, शोभा जंघेल, एवं बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी, विद्यार्थि, गणमान्य नागरिक आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने सनातन धर्म के प्रदेश के सभी अध्यक्षों की नियुक्ति की

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म परिषद महासभा द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय बैठक शिव मंदिर शंकरपुर में सम्पन्न हुई। जिसमें सर्वप्रथम भगवान शिव जी की पूजा अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक के सहमति से राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, कवर्धा, बेमेतरा, महासमुंद, बांधा, चौकी, प्रदेश के प्रमुख शहरों की जिलाध्यक्षों व पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई व नियुक्ति पत्र देकर श्रीफल व साल देकर सभी पदाधिकारियों व प्रदेश से आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया।



इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अरूण मिश्रा व प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने उद्बोधन में सभी प्रदेश के पदाधिकारियों सनातन धर्म को गाँव-गाँव, शहर-शहर जोड़ने व सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने व सनातन धर्म पर प्रतिघात करने वालों को मुँह तोड़ जवाब देने हेतु उद्बोधन दिया। सभा का संचालन प्रदेश प्रभारी शिव वर्मा ने किया। आभार प्रर्दशन प्रियंक सोनी ने की। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अरूण मिश्रा, राजेन्द्र पाठक, हेमन्त राय, अशोकानन्द, नरेन्द्र राठौर, आनन्द शर्मा, दिनेश पुरोहित, अभिषेक सोनी, राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, हरिश गांधी, महेश खंडेलवाल, सौरव खंडेलवाल, राजेश शर्मा, शिव वर्मा, रामअवतार जोशी, मौसमी शर्मा, विशाखा वर्मा, सुषमा सिंह, ममता सोनी, अनुराधा लोहिया, मीना पांडे, व अत्यधिक संख्या में प्रदेश व जिला के सनातनी बंधुओं ने संकल्प लेकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को कहा। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष मौसमी शर्मा ने दी।

# अस्पताल में लापरवाही : बुखार से तड़प रहे मरीज को नहीं मिली दवा

**दुर्ग (दावा)। जिला अस्पताल दुर्ग में प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। यहां मरीज बुखार से तड़प रहा था, लेकिन वहां के स्टॉफ ने ओपीडी टाइम खत्म हो जाने के चलते न तो उसका इलाज किया और न ही दवा दी। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा, जिसमें ड्यूटी खत्म होने की बात कहकर दवा ना देने वाले कर्मचारी ट्रामा यूनिट में अपने एक सहकर्मी का बर्थडे इंज्वाय कर रहे हैं।**




यह वीडियो मरीज के परिजन ने बनाया है। इसकी सूचना सिविल सर्जन को फोन पर भी दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि ओपीडी में एक महिला स्टॉफ बैठी है। उसके सामने ही बाहर एक मरीज स्ट्रेचर पर तड़प रहा है, लेकिन स्टॉफ ने ओपीडी का टाइम खत्म होने की बात कहकर इलाज करने से मना कर दिया। जब परिजन ने दवा देने के लिए कहा तो महिला स्टॉफ ने कहा कि उसने दवा लिख दी है, काउंटर से ले लो। जब मरीज के परिजन ने काउंटर में दवा मांगी तो वहां मौजूद एक स्टॉफ ने दवा देने से ही मना कर दिया। परिजन ने बताया भी कि मरीज की हालत गंभीर है। उसे काफी तेज बुखार है, लेकिन स्टॉफ ने कहा कि दूसरे काउंटर से दवा ले लें उनका टाइम खत्म हो गया है। मरीज के परिजन ने जो वीडियो बनाया है वो 12 जुलाई शुक्रवार दोपहर 2 बजे का है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि ड्यूटी खत्म होने की बात कहकर दवा ना देने वाले कर्मचारी ट्रामा यूनिट में अपने एक सहकर्मी का बर्थडे इंज्वाय कर रहे हैं। वो केक काट रहे हैं, लेकिन दो मिनट समय देकर मरीज को बुखार की दवा नहीं दे सके।

### मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई करेंगे : सिविल सर्जन

मरीज के परिजन ने घटना के दौरान सिविल सर्जन डॉ. हेमंत कुमार साहू को पूरी जानकारी देनी चाही तो उन्होंने कलेक्टर मीटिंग में होने की बात कही और आरएमओ से शिकायत करने कहा। अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सिविल सर्जन का कहना है कि मामले की पूरी जानकारी लेकर कार्रवाई करेंगे।

# घोरतलाव में युवाओं द्वारा वृक्षारोपण



सड़क चिरचारी (दावा)। प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन वर्तमान परिस्थितियों में अत्यंत आवश्यक हो गया है। इस वर्ष गर्मी की भयावह स्थिति को देखते हुए, ग्राम घोरतलाव के युवाओं द्वारा दिनांक 14 जुलाई को ग्राम के प्राचीन तालाब के चारों ओर पीपल, नीम, करंज, जाम, जामुन, बादाम, गुलमोहर, आंवला आदि के 300 से अधिक वृक्ष लगाए गए। लगाए गए वृक्षों को ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में गुरुदत्त पंचभाये तहसीलदार, भूपेंद्र बावनथड़े एस.डी.ओ.जल संसाधन, संदीप ऊके, धनेंद्र कोठारी, ग्राम सचिव हरिराम निषाद, संजय सहारे, ओमप्रकाश सहारे, तिलक एवं ग्राम कोटवार आदि द्वारा वृक्षारोपण किया गया। सभी ग्राम वासियों ने वृक्षों की देखभाल कर बड़ा करने की शपथ ली गयी है।

# ठेलकाडीह कॉलेज में वित्तीय साक्षरता एवं विधिक जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

ठेलकाडीह (दावा)। शासकीय नवीन महाविद्यालय, ठेलकाडीह में पुलिस प्रशासन व भारतीय रिजर्व बैंक से संचालित वित्तीय साक्षरता के संयुक्त तत्वाधान में 15 जुलाई 2024 को केसीजी जिला के पुलिस अधीक्षक आई.पी.एस. त्रिलोक बंसल के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।



इस अवसर पर ठेलकाडीह थाना प्रभारी अंबरीश शर्मा एवं थाना स्टाफ, वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम के जिला सलाहकार तेजस्वी वर्मा एवं छन्नु चंदेल महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एल. सी.सिन्हा, गुरूघासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठेलकाडीह के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती कविता गढ़पायले, प्राध्यापकगण, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत छत्तीसगढ़ के राजकीय गीत के गायन के साथ किया गया तत्पश्चात सभी मंचस्थ अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ.एल.सी. सिन्हा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी एवं नवीन न्याय संहिता के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। वित्तीय साक्षरता के संबंध में तेजस्वी वर्मा के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। थाना प्रभारी अंबरीश शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को कानून के प्रति जागरूक रहने एवं आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की बात कही गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के हाथों पौधा रोपण कर पर्यावरण स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्राध्यापक श्रीमती रेणुका सिन्हा द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्रीमती कविता गढ़पायले द्वारा आभार प्रदर्शन एवं कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू किसानों के साथ पहुँचे बिजली ऑफिस सौंपा ज्ञापन



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के किसानों द्वारा आज बिजली ऑफिस छुरिया पहुंचकर ज्ञापन सौपा गया। जिसमें खुज्जी विधायक भोलाराम साहू ने किसानों के साथ ज्ञापन दिया डी.एन.के. साहू एआईडी के चतुर्वेदी जी जे.ए.ई.ठाकुर को छुरिया को पत्र सौंपते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि किसानों की समस्या को गंभीरता से ध्यान दें और बिजली की समस्या ना हो, सात दिन में पूरे क्षेत्र में लो ओल्टेज की समस्या नहीं होना चाहिए हम सब किसान साथी सात दिन का अल्टीमेट देते है अगर ऐसी समस्या होता रहेगा तो हम आंदोलन चक्का जाम करेंगे यह कहते हुए ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, सिन्हा, मनोज सिन्हा, सतीश पटेल, अकील मेमन कांग्रेस कार्यकर्तागण किसान नेता छबिलाल यादव, गौतम साहू किसान साथी एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मंदिर में मिला युवक का अधजला शव




बालोद(दावा)। जिले में एक बार फिर एक युवक की जली हुई अवस्था में लाश मिली है। किल्लेवाड़ी मंदिर के प्रांगण में युवक की लाश मिली है। दो युवक-युवती घूमने आए थे। उन्होंने पहले लाश को देखा। उसके बाद पुलिस और आपातकालीन फोन किया। जिसमें सबसे पहले आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचा। युवक की मदद से उन्हें गाड़ी में अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत्यु घोषित कर दिया। मामला हत्या है या फिर आत्महत्या का। यह जांच के बाद सामने आ पाएगा। फिलहाल, पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दिया गया है।

महामाया थाना प्रभारी देव कुमार कोर्राम ने बताया सूचना मिला था कि एक युवक का लाश मिला हुआ है। इसके बाद पुलिस पहुंची तो उसे एंबुलेंस में स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल ले जाया जा रहा था। कथित रूप से जब युवक युवती ने देखा तो मृतक की सांस हल्की चल रही थी। परंतु अस्पताल ले जाने के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि लाश के पास एक साइकिल और एक पानी की बोतल मिली है। जिसमें पेट्रोल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है।

आपको बता दें कि मृतक युवक का नाम विनय कुमार पिता मनोज कुमार गुप्ता वार्ड क्रमांक 4 राजहरा का निवासी बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक नाम की पुष्टि नहीं की है। क्योंकि उनके परिजनों को पूछताछ और श्रीनाथ के लिए बुलाया गया है। जब सारी कार्रवाई हो जाएगी। तब नाम पूरी तरह स्पष्ट हो जाएगा। परंतु इसी युवक के होने के आशंका अभी तक व्यक्त की जा रही है संदिग्ध हालत में मिले। इस युवक को लेकर मामला गर्म हो गया है क्योंकि हाल ही में अभी पुलिस में टुकड़ों में कटे हुए लाश का मामला सुलझाया था।

थाना प्रभारी देव कुमार कोराम ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों और आसपास के लोगों को बयान के आधार पर आगे ध्यान शुरू की जाएगी। फिलहाल, यह कहना कठिन होगा कि यह हत्या है या फिर आत्महत्या और यदि यह हत्या है तो उसके कर्म का पता लगाया जाएगा। जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आगे जांच प्रक्रिया में तेजी लाया जाएगा।

# कलेक्टर ने कौशल विकास प्राधिकरण, वार्षिक कार्ययोजना के संबंध में प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारियों की ली बैठक

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कौशल विकास प्राधिकरण के अंतर्गत वार्षिक कार्य योजना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदायकर्ता संस्थाओं के अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के साथ ही अन्य प्रशिक्षण प्रदायकर्ता विभागीय अधिकारियों को वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर युवाओं को बहुयामी ट्रेडों में प्रशिक्षण देने कहा है। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि रोजगार की सुनिश्चितता और अवसर उपलब्ध कराने वाले ट्रेडों में प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षित करें। कलेक्टर ने वार्षिक कार्य योजना निर्धारित कर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं।



बैठक में जिला कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत निर्धारित अजेंडा पर समीक्षा किया गया। कौशल विकास प्राधिकरण अंतर्गत समस्त शासकीय प्रशिक्षण संस्थानों, निर्धारित कॉलेज, कृषि, उद्यानिकी, क्रेड़ा विभाग को भी वीटीपी के रूप में पंजीकृत होकर युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं रोजगार से जोड़ने कहा गया है। शासकीय एवं अशासकीय प्रशिक्षण संस्थानों को राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार उनके ट्रेड अनुसार प्रशिक्षकों की व्यवस्था, मान्यता प्राप्त संस्थाओं से प्रमाणित करने कहा गया है। कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, और क्रेड़ा विभाग के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर प्रशिक्षण के लिए कार्य योजना निर्धारित करने कहा गया है। जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में लाइवलीहुड कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इसके माध्यम से भी युवाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को युवाओं के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उपयुक्त एवं गुणवत्ता पूर्वक प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त रुप से मॉक ड्रिल किया

डोंगरगढ़(दावा)। माँ बम्लेश्वरी रोप-वे में दर्शनार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये एन.डी.आर.एफ. (कटक एवं भिलाई), एसडीआरएफ (दुर्ग), जिला सेनानी एवं अग्निशमन विभाग (राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़), मेडिकल टीम के द्वारा दिनांक 11 जुलाई को प्रातः 10 बजे से दर्शनार्थियों कि सुरक्षा एवं आपातकालिन स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त रुप से मॉक ड्रिल (अभ्यास) किया गया।जिसमें दामोदर रोपवेज के तकनीकी टीम के माध्यम से दर्शनार्थियों को आपातकालीन स्थिति में सकुशल नीचे उतारने का उपाय बताया गया।

दर्शनार्थियों कि सुरक्षा एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए संयुक्त रुप से मॉक ड्रिल (अभ्यास) के दौरान एन.डी. आर.एफ. कटक एवं भिलाई के डिप्टी कमाण्डेट पवन जोशी एवं 39 सदस्य, एस.डी. आर.एफ. दुर्ग एवं उनके टीम के 11 सदस्य, दमकल विभाग राजनांदगांव एवं डोगरगढ़ के 5 सदस्य, मेडिकल टीम से 6 सदस्य, स्थानीय प्रशासन से अनुविभागीय - अधिकारी (राजस्व) खेमलाल वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) आशिष कुंजाम, नगर निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, रोप-वे इंचार्ज धर्मेन्द्र ठाकोर, मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, संजय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश मिश्रा, मंत्री महेन्द्र परिहार, सह मंत्री बबलू ज़ शांडिल्य, ट्रस्टीगण पीताम्बर स्वामी, प्रकाश बिंदल, संजीव गोमास्ता, विशेष आंमत्रित सदस्य अजय सिंह ठाकुर, डोगरगढ़ के गणमान्य नागरिक एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के समस्त कर्मचारियों ने भी उपस्थित रहकर पूर्ण सहयोग दिया। उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट समिति के मंत्री महेन्द्र परिहार ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

# आमजनों की समस्याओं को सुनने और समाधान करने के लिए जिला प्रशासन का 20 को शिविर

मोहला (दावा)। कलेक्टर एस.जयवर्धन के निर्देशन और मार्गदर्शन में आमजनता की समस्याओं को सुनने और शिविर स्थल पर ही निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर आमजनता की समस्याओं को सुनने के साथ ही शिविर स्थल पर ही निराकरण करने की कार्यवाही करेंगे।



शिविर का आयोजन जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में किया जायेगा। निर्धारित तिथि और स्थान के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर के मदनवाड़ा में 20 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 16 अगस्त को मानपुर के ग्राम पंचायत भर्रीटोला में, 14 सितंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत खड़गांव में, 27 सितंबर को मोहला के ग्राम पंचायत भोजटोला में, 18 अक्टूबर को मानपुर के ईरागांव में, 26 अक्टूबर को मोहला के मोहभट्ठा में, 8 नवंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत ढब्बा में, 13 दिसंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत हथरा में, 27 दिसंबर को मोहला के ग्राम पंचायत दनगढ़ में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के अंतर्गत 26 जुलाई को ग्राम पंचायत चिल्हाटी में, 24 अगस्त को ग्राम पंचायत आमाटोला में एवं 29 नवंबर को ग्राम पंचायत भनसुला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एस.जयवर्धन ने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुनने और यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस ने भटके हुये एक विकलांग बुजुर्ग को सुरक्षित घर पहुंचाया

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के एक भटके हुए बुजुर्ग को सुरक्षित घर पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है।

बताया जाता है कि रविवार 14 जुलाई को थाना डोंगरगढ़ डॉयल-112 को सूचना मिला कि एक विकलांग बुजूर्ग जो छिरपानी डोंगरगढ़ रैन बसेरा के आसपास काफी परेशान हालत में भटक रहा है। उक्त सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पंहूचकर बुजूर्ग से पूछताछ किया। जिस पर बुजुर्ग अपना नाम रेखा गंधर्व पिता जय सिंह गंधर्व उम्र-51 साल निवासी टिकरीपारा, गण्डई का रहने वाला बताया जो अपने घर से भटककर यहां पंहुच जाना बताया। जिसकी सूचना थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा को मिलने पर तत्काल थाना प्रभारी डोंगरगढ़ द्वारा बुजुर्ग विकलांग पुरूष को सुरक्षार्थ पुलिस टीम के साथ उसके घर छुड़वाया। जहां उसके परिजन द्वारा बुजुर्ग पुरूष को पूर्व से ही घर से कहीं चला जाना बताये जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी बताये। बुजूर्ग विकलांग पुरूष को सकुशल घर पंहूचाने पर उसके परिजन द्वारा खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, आरक्षक चन्द्रकांत सोनी एवं श्रीनिवास राव का विशेष योगदान रहा है।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com